# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 260 । भोपाल, बुधवार 20 सितंबर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए



मोबाइल कारोबारी ने ट्रेन से कटकर की खुदकुशी — पृष्ठ 3

▪ नये संसद भवन और विशेष सत्र का औचित्य अब साफ है
▪ कांग्रेस नेतृत्व 2024 में इंडिया बैनर तले भाजपा से मुकाबले को लेकर आश्वस्त — पृष्ठ 4

▪ 5वें दिन भी जारी रहा अनशन, पहली बार पहुंचे अधिकारी — पृष्ठ 6

दलित गायक से सिर पर जूते रखवाकर माफ़ी मंगवाई गई — पृष्ठ 8


नए संसद भवन से शुरू हुआ कामकाज

# लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पेश

- 2024 चुनाव में नहीं हो पाएगा लागू
- 33 फीसदी आरक्षण दिया जाएगा
- नारी शक्ति वंदन विधेयक दिया नाम

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** लोकसभा में मंगलवार को 128वां संविधान संशोधन बिल यानी नारी शक्ति वंदन विधेयक पेश किया गया। इसके मुताबिक, लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण लागू किया जाएगा। इस फॉर्मूले के मुताबिक, लोकसभा की 543 सीटों में 181 महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। नए विधेयक में सबसे बड़ा पेंच ये है कि यह परिसीमन के बाद ही लागू होगा। ये परिसीमन इस विधेयक के बाद होने वाली जनगणना के आधार पर ही होगा। 2024 में होने वाले आम चुनावों से पहले जनगणना और परिसीमन करीब-करीब असंभव है। विधानसभा और लोकसभा के चुनाव समय पर हुए तो इस बार महिला आरक्षण लागू नहीं होगा। यह 2029 के लोकसभा चुनाव या इससे पहले के कुछ विधानसभा चुनावों से लागू हो सकता है।

कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि हम ऐतिहासिक बिल लाने जा रहे हैं। अभी लोकसभा में 82 महिला सांसद हैं, इस बिल के पास होने के बाद 181 महिला सांसद हो जाएंगी। यह आरक्षण सीधे चुने जाने वाले जन प्रतिनिधियों के लिए लागू होगा। यानी यह राज्यसभा और राज्यों की विधान परिषदों पर लागू नहीं होगा। लोकसभा की कार्यवाही 20 सितंबर तक के लिए स्थगित कर दी गई है।



प्रधानमंत्री ने दिया सुझाव

## 'संविधान सदन' के नाम से जानी जाए पुरानी इमारत

*सेंट्रल हॉल में समारोह को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा मेरा एक सुझाव है। अब जब हम नई संसद में जा रहे हैं तो पुराने भवन की गरिमा कभी कम नहीं होनी चाहिए। इसे सिर्फ पुराना संसद भवन बनकर नहीं छोड़ा जाना चाहिए। इसलिए मेरा आग्रह है कि यदि आप सहमत हैं तो इसे 'संविधान सदन% के नाम से जाना जाना चाहिए।' अपने 40 मिनट के संबोधन में प्रधानमंत्री ने यह भी कहा था, '1947 में अंग्रेजों ने यहीं सत्ता का हस्तांतरण किया था, हमारा सेंट्रल हॉल उस ऐतिहासिक क्षण का गवाह है।'*

## संविधान की प्रति लेकर नए भवन पहुंचे कांग्रेस सांसद

*नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद मंगलवार को संविधान की एक प्रति के साथ पुराने भवन से नए संसद भवन की ओर चले। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी, पूर्व पार्टी प्रमुख राहुल गांधी, पार्टी सांसद गौरव गोगोई, दीपेंद्र हुड्डा, केसी वेणुगोपाल, राजीव शुक्ला, शक्तिसिंह गोहिल, अखिलेश प्रसाद सिंह, ए. रेवंत रेड्डी, डीएमके नेता कनिमोझी और अन्य लोग पुराने संसद भवन से निकलते समय संविधान की प्रति लेकर चले। इसके बाद वे संविधान की प्रति के साथ नए संसद भवन में दाखिल हुए। इससे पहले दिन में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुझाव दिया था कि पुराने संसद भवन को 'संविधान सदन' के रूप में जाना जाना चाहिए, जिस दिन सभी विधायी कार्य नए संसद भवन में स्थानांतरित हो जाएंगे।*

## अधीर रंजन ने संसद भवन की स्मृतियों को किया याद



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने मंगलवार को कहा कि संसद की पुरानी इमारत से देश ने औपनिवेशिक अतीत से स्वतंत्र भारत तक की यात्रा देखी है और लोगों ने देश की नियति में बदलाव देखा है। सेंट्रल हॉल में पुराने संसद भवन की स्मृति में एक विशेष समारोह को संबोधित करते हुए, चौधरी ने कहा, इस अवसर का लाभ उठाते हुए, बिना कोई शिकायत किए और बिना कोई शब्द कहे, मुझे कहना होगा कि मैं इस मंच पर खड़ा होकर गौरवान्वित और उत्साहित महसूस कर रहा हूं। दिग्गजों की आकाशगंगा के बीच में ऐतिहासिक घटनाओं और कई महत्वपूर्ण घटनाओं का एक कारवां देखा था, जिन्होंने इस प्रतिष्ठित सदन में भारत के संविधान को तैयार करने के लिए अपना दिमाग लगाया और आधी रात को तेल जलाया था जिसे संविधान सभा कहा जाता था। कांग्रेस नेता ने कहा, हमें उन सभी पर गर्व है। उन्होंने पुराने संसद भवन की स्मृतियों को याद करते हुए कहा कि इसी सदन में 22 जनवरी वर्ष 1947 को उद्देश्य प्रस्ताव संख्या 8 पारित किया गया था और अपनाया गया था, जिसे पंडित जवाहरलाल नेहरू ने प्रस्तावित किया था, जो बाद के चरणों में संविधान को आकार देने के लिए आवश्यक था। .

## अमित शाह व अधीर रंजन में हुई बहस

सरकार द्वारा महिला आरक्षण को लेकर नया बिल पेश करने पर सवाल उठाते हुए हुए लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने राजीव गांधी, नरसिम्हा राव और मनमोहन सिंह सरकार के प्रयासों का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकारों ने कई बार कोशिश किया। लेकिन, यह कभी लोकसभा से पास हुआ तो राज्यसभा से नहीं हुआ और कभी राज्यसभा से पास हुआ तो लोकसभा से नहीं हो पाया। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि जब मनमोहन सिंह सरकार के कार्यकाल में राज्य सभा से पास महिला आरक्षण बिल आज तक जीवित है तो फिर यह नया बिल क्यों लाया गया? अधीर रंजन चौधरी के दावे को गलत बताते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने सदन में खड़े होकर बताया कि अधीर रंजन चौधरी ने दो बातें गलत कही है और या तो वह इसे साबित करें या इसे रिकॉर्ड से हटा दिया जाए।

## सोनिया के साथ बैठे सिंधिया



मंगलवार को संसद भवन के सेंट्रल हॉल में हुए कार्यक्रम के शुरू होने से पहले केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने स्वयं आगे बढ़कर सबसे आगे की पंक्ति में बैठी सोनिया गांधी के पास जाकर उनका अभिवादन किया। सिंधिया ने कुछ देर खड़े रहकर सोनिया गांधी और उनके बगल में बैठे अधीर रंजन चौधरी से बात भी की। बाद में सिंधिया बगल की दूसरी वाली पंक्ति में आगे की सीट पर जाकर बैठ गए। कार्यक्रम शुरू होने से पहले सोनिया गांधी के साथ बैठे अधीर रंजन चौधरी और मल्लिकार्जुन खरगे जब मंच पर चले गए तब ज्योतिरादित्य सिंधिया अपनी सीट से उठकर सोनिया गांधी की सीट पर आ गए और सोनिया गांधी ने अपनी सीट से खिसक कर सिंधिया को बैठने की जगह दी। इसके बाद पूरे कार्यक्रम के दौरान ज्योतिरादित्य सिंधिया और सोनिया गांधी एक साथ एक ही टेबल वाली सबसे आगे की सीट पर बैठे रहे।

## महिला आरक्षण विधेयक एक चुनावी `जुमला': कांग्रेस

महिला आरक्षण विधेयक को मोदी सरकार भले ही इसे अपना मास्टर स्टोक मान रही हो,लेकिन कांग्रेस पार्टी ने इसे जुमला करार देते हुए देश की करोड़ों महिलाओं के साथ विश्वासघात करार दिया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने अपनी सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा कि चुनावी जुमलों के इस मौसम में यह सबसे बड़ा जुमला है। यह विधेयक देश की करोड़ों महिलाओं और लड़कियों की उम्मीदों के साथ बडा विश्वासघात है। उन्होंने लिखा कि वे पहले भी बता चुके हैं कि मोदी सरकार ने अभी तक 2021 में होने वाली जनगणना नहीं कराई है। जयराम में दावा किया कि भारत जी–20 का एकमात्र देश है,जो जनगणना कराने में विफल रहा है।

**महिलाओं की उम्मीदों के साथ बड़ा धोखा**

जस्टिन ट्रूडो के आरोपों से भारत नाराज

# कनाडाई राजनयिक को सरकार ने किया निष्कासित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार की भूमिका का सीधा आरोप लगाये जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आज कनाडा के उच्चायुक्त को तलब किया और उनके एक वरिष्ठ राजनयिक को पांच दिन के भीतर देश छोड़ने का फरमान सुनाया।

**निज्जर की हत्या में भारत सरकार की भूमिका का लगाया था आरोप**

भारत ने कनाडा के प्रधानमंत्री के बयान को बेतुका और घरेलू राजनीति से प्रेरित करार देते हुए खारिज कर दिया है और आरोप लगाया है कि कनाडाई राजनयिक देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप कर रहे हैं और भारत विरोधी गतिविधियों में लिप्त हैं। भारत एवं कनाडा के बीच इस घटनाक्रम से दोनों देशों के बीच संबंधों में खटास आ गई है। विदेश मंत्रालय ने यहां एक बयान में कहा, भारत में कनाडा के उच्चायुक्त को आज तलब किया गया और भारत स्थित एक वरिष्ठ कनाडाई राजनयिक को निष्कासित करने के भारत सरकार के फैसले के बारे में सूचित किया गया। संबंधित राजनयिक को अगले पांच दिनों के भीतर भारत छोड़ने को कहा गया है।

# मणिपुर में बंद से सामान्य जनजीवन प्रभावित

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर के घाटी इलाकों में विभिन्न नागरिक समाज संगठनों ने पांच 'ग्राम सुरक्षा स्वयंसेवकों' की बिना शर्त रिहाई की मांग को लेकर राज्य भर में 48 घंटे के बंद का आह्वान किया था, जिसके चलते इलाकों में मंगलवार को सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। अधिकारियों ने बताया कि मणिपुर पुलिस ने शनिवार को वर्दी में अत्याधुनिक हथियारों के साथ पांच लोगों को गिरफ्तार किया था।

इस गिरफ्तारी का विरोध करते हुए रविवार को बड़ी संख्या में पुरुष और महिलाएं विरोध प्रदर्शन करने निकले और गिरफ्तार लोगों की रिहाई की मांग करते हुए इंफाल पूर्वी जिले के पोरोम्पैट पुलिस स्टेशन पर धावा बोलने की कोशिश की। संयुक्त सुरक्षा बलों ने आंसू गैस के गोले दागकर थाने पर हुए हमले को विफल कर दिया। हाथापाई में रैपिड एक्शन फोर्स के जवान सहित कई पुरुषों और महिलाओं को मामूली चोटें आईं। घाटी के पांच जिलों में बंद के मद्देनजर सुरक्षा बलों सहित सभी प्रकार के वाहन सड़कों से नदारद रहे, अंतर–जिला, अंतर–राज्य बसें और ट्रक नहीं चले। घाटी के पांच जिलों, बिष्णुपुर, काकचिंग, थौबल, इंफाल पश्चिम और इंफाल पूर्व में बाजार, दुकानें, व्यापारिक प्रतिष्ठान, बैंक, सरकारी कार्यालय, शैक्षणिक संस्थान बंद भी रहे।

जन आशीर्वाद यात्रा : शिवराज और धामी का हुआ जोरदार स्वागत, खुरई को मिली कई सौगातें

# बरोदिया में कॉलेज और बांदरी में आईटीआई खुलेंगे




**सागर, देशबन्धु।** जन आशीर्वाद यात्रा के साथ पहुंचे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान व उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का खुरई की जनता ने जोरदार स्वागत किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने खुरई को कई सौगातें दी। उन्होंने मंत्री भूपेंद्र सिंह के मांगपत्र पर बरोदिया कलां में कॉलेज, खुरई सिविल अस्पताल का 150 बिस्तरों वाले अस्पताल में उन्नयन, बांदरी में आईटीआई खोलने, रजवांस में 132 केवी, विद्युत सब स्टेशन की स्थापना करने की घोषणाएं की हैं। श्री चौहान ने भोपाल, बीना, खुरई, सागर मार्ग को औद्योगिक कारीडोर के रूप में विकसित करने की भी घोषणा की। इस मार्ग की पूरी सरकारी भूमि को औद्योगिक उपयोग के लिए रिजर्व कर लिया गया है। मुख्यमंत्री ने मंच से खुरई के उद्योगपतियों और युवाओं से आव्हान किया कि आगे आकर उद्योग लगाईए और युवाओं को मैं ऋण की सुविधा दूंगा, ताकि वे भी अपने उद्योग, कारखाने, ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

**खुरई अस्पताल अब 150 बिस्तरों का होगा**

## विकास पुरुष हैं भूपेन्द्र : शिवराज

इस अवसर पर शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भूपेंद्र सिंह मेरे मंत्री हैं और मित्र हैं। वे सिर्फ खुरई का ही विकास नहीं कर रहे हैं बल्कि प्रदेश के नगरीय निकायों का उन्होंने कायाकल्प कर दिया है। यह सही है कि प्रदेश में सर्वाधिक विकास कार्य खुरई में हुए हैं। भूपेंद्र जी विकास पुरुष हैं, उनमें विकास की तड़प है, ललक है। यहां आकर देखिए विकास बोलता है। देखिए उन्होंने आज फिर मांगों की सूची थमा दी।

## वीरों की भूमि है बुंदेलखंड : धामी

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड यदि देवभूमि है तो बुंदेलखंड वीरों की भूमि है। मुख्यमंत्री का दिल हमेशा जनता के लिए धड़कता है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत की वैश्विक ताकत बढ़ी है। प्रधानमंत्री भारत को विश्व का सिरमौर और शक्तिशाली बनाने का कार्य कर रहे हैं। वर्ष 2003 की तुलना में आज का मध्यप्रदेश विकसित और समृद्ध है। बिजली, सड़क, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। श्री धामी में सागर में बिताए बचपन के दिनों का भी जिक्र किया।

## मुख्यमंत्री फिर शपथ लेंगे : भूपेन्द्र

मंत्री भूपेंद्र सिंह ने स्वागत भाषण में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को प्रदेश और खुरई के लिए ईश्वर का वरदान बताया। उन्होंने कहा कि यहां जो कुछ भी बीते 7 सालों में हुआ, वह मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का ही दिया हुआ आशीर्वाद है। खुरई और मैं उनका ऋण कभी नहीं चुका सकते। श्री सिंह ने कहा कि हमारी जीवन रेखा बीना नदी परियोजना को आज भाजपा सरकार ने पूरा किया है। इसका 70 प्रतिशत काम पूरा हो गया है और मुख्यमंत्री के रूप में फिर शपथ लेने के बाद शिवराज सिंह चौहान ही इसका लोकार्पण करेंगे।




## सार समाचार

### जिला स्तरीय दो दिवसीय कृषक संगोष्ठी 22-23 को

**गुना देशबन्धु।** उप संचालक उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग ने बताया कि जिला गुना द्वारा एम.आई.डी.एच. योजनान्तर्गत वर्ष 2023-24 में जिला स्तरीय दो दिवसीय कृषक संगोष्ठी एवं सेमिनार का आयोजन 22 सितंबर 23 सितंबर को मणीधारी गार्डन, ए.बी. रोड गुना में किया जा रहा है। जिसमें कृषकों को आरोन (गुना), अशोकनगर, शिवपुरी के कृषि विज्ञान केन्द्रों के वैज्ञानिकों एवं अन्य विशेषज्ञों द्वारा उद्यानिकी फसलों की तकनीकी जानकारी प्रदान की जावेगी। सभी कृषक बंधुओं से निवेदन है कि, अधिक से अधिक संख्या में उक्त सेमिनार में उपस्थित रहकर उद्यानिकी फसलों की जानकारी का लाभ उठाएं।

### विदेश पटाखों पर रहेगा प्रतिबंध

**गुना देशबन्धु।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विदेशी पटाखों पर प्रतिबंध रहेगा। एडीएम मुकेश शर्मा ने बताया कि भारत सरकार, व्यापार एवं उद्योग मंत्रालय, पेट्रोलियम एवं विस्फोटक संगठन के पत्र अनुसार विदेशी पटाखों के विक्रय, संग्रहण, भण्डारण पर प्रतिबंध लगाया गया है। जिसके द्वारा पटाखा (आतिशबाजी) दुकानों का निरीक्षण करते हुए आयातित विदेशी फायरवर्क्स का विक्रय अथवा भण्डारण पाये जाने पर विस्फोटक नियम 2008 के नियम 127 एवं 128 के तहत नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देर्शित किया गया है।

### आवासीय कर्मकाण्ड प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ

**गुना, देशबन्धु।** गायत्री शक्तिपीठ गुना पर तीन दिवसीय जिला स्तरीय आवासीय कर्मकांड प्रशिक्षण



मंगलवार से आरंभ हुआ। इस मौके पर प्रातः 10 बजे से 5 बजे तक यह शिविर चला। शिविर शुभारंभ स्वामी केएन गिरि उपजोन प्रभारी, प्रशिक्षण टोली नायक रामचरण त्यागी, प्रशिक्षण कर्ता केपी शर्मा, वतदर्शन वरोलिया, पीएस चौहान ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस मौके पर टोली नायक ने बताया कि यह प्रशिक्षण सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में आयोजित किये जा रहे है। माँ भगवती माता जी का जन्मदिवस के 100 वर्ष एव अखंडज्योति 100 वर्ष के पूर्ण होने पर 2026 के लिए गायत्री परिवार अभी से इस तरह के शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। गायत्री परिवार के सुनील सेन ने बताया कि यह शिविर तीन दिवसीय आवासीय कर्मकाण्ड शिविर में जिले से सभी तहसील कुंभराज, राघौगढ़ एवं गुना के 30 परिजन शामिल होकर कर्मकाण्ड का प्रशिक्षण ले रहे हैं।

### बंधुआ मजदूर बनाकर किया जा रहा था अत्याचार

# अब रतोधना से आजाद कराए 7 और मानसिक विक्षिप्त



**गुना, देशबन्धु।** चांचौड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम रतोधना से 7 मानसिक विक्षिप्तों को और समाजसेवी, पुलिस और श्रम विभाग ने आजाद कराया है। इन सभी को दबंगों के यहां से निकालकर सुरक्षित आश्रय स्थल भेजा है। इसके पूर्व 15 सितंबर को जिले के कुम्भराज थाना क्षेत्र के ग्राम मानक चौक में बंधुआ बनकर रह रहे 13 मानसिक विक्षिप्तों को बंधुआ के जीवान से आजाद कराकर उन्हें आश्रय स्थल अपना घर भिजवाया गया है। उक्त 13 मानसिक विक्षिप्तों में से दो विक्षिप्त, जो किसी तरह अपने परिवार से बिछड़ गये और वह ग्राम मानक चौक पहुंच गये और मजबूरीवश बंधुआ बनकर रहने लगे। जिनके फोटो समाचार पत्रों में देखकर उनके परिवारजनों द्वारा उन्हें पहचान लिया और उन्हें अपने साथ ले गए। यह सब समाजसेवी प्रमोद भार्गव, एसपी राकेश कुमार एवं कलेक्टर तरूण राठी के संयुक्त प्रयासों से संभव हो सका। इसी सिलसिले में गत दिवस चांचौड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम रतोधना में भी इस प्रकार के कुछ मानसिक विक्षिप्तों के बंधुआ बनकर रहने की जानकारी लगने पर पुलिस, श्रम विभाग की एक संयुक्त टीम ग्राम रतोधना गई। जिसमें चांचौड़ा थाना प्रभारी निरीक्षक संजीत सिंह माबई अपनी टीम के कमल सिंह मीना, दीपक त्रिपाटी, राहुल व राकेश एवं श्रम विभाग से श्रम इंस्पेक्टर आशीष तिवारी, समाजसेवी प्रमोद भार्गव व उनकी टीम द्वारा संयुक्त रूप से ग्राम रतोधना में कार्यवाही की गई। जहां पर गांव के गणमान्य लोगों से चर्चा कर गांव में बंधुआ बनकर रह रहे कुल 7 मानसिक विक्षिप्तों को आजाद कराकर अपने साथ लेकर आए। जिन्हें विधिवत कार्यवाही उपरांत श्रम विभाग की टीम द्वारा जिनका जिला चिकित्सालय में मनोरोग चिकित्सक से स्वास्थ्य परीक्षण कराकर सुरक्षित आश्रय हेतु शिवपुरी में आश्रय स्थल अपना घर भिजवाया गया है। ऐसे लोगों की जानकारी संबंधित पुलिस थाने अथवा जिले के समाजसेवी प्रमोद भार्गव मोबा. 8827733288 को सूचित करें, ताकि इस प्रकार के लोग को कष्टों व तकलीफों से दूर होकर सुरक्षित आश्रय मिल सके।

### मूंदोल में सहरिया परिवार पर दबंगों ने किया हमला

## खुलेआम घूम कर धमका रहे आरोपी, एकता परिषद ने सौंपा ज्ञापन

**गुना देशबन्धु।** जिले के बमोरी थानांतर्गत ग्राम मूंदोल में एक सहरिया परिवार पर गांव के दबंगों ने हमला कर दिया। जिसमें कई महिलाएं-पुरूष गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनका जिला अस्पताल में उपचार रही है। गंभीर मारपीट किए जाने के बावजूद अभी तक पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है। इस संबंध में मंगलवार को एकता परिषद द्वारा एसपी कार्यालय पहुंचकर दोषियों पर तत्काल कार्रवाई कर गिरफ्तारी की मांग की। परिषद के अनुसार जिला मुख्यालय के निकटवर्ती ग्राम मूंदोल में गत दिवस सहरिया-आदिवासी समुदाय के महिला-पुरूषों पर गांव के ही दबंगों ने हमला कर दिया। जिसमें कई लोग घायल हो गए। जिनका उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। वहीं पुलिस ने आरोपियों पर मामूली धाराओं में मामला दर्ज किया है, लेकिन अभी तक किसी भी गिरफ्तारी नहीं हुई है। जिसके चलते आरोपी खुलेआम घूमकर पीड़ितों को धमका रहे हैं। जिससे सहरिया समुदाय के लोग में भय है कि कहीं दबंग दोबारा हमला न कर दें। ज्ञापन एकता परिषद एवं पीड़ित परिवार ने आरोपियों की गिरफ्तार कर सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की है।

**क्या है मामला:-**पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर के अनुसार फरियादी कन्हैयालाल सहरिया ने आधा दर्जन से अधिक घायलों के ाथ बताया कि 18 सितंबर को दोपहर 2 बजे वह मूंदोल के जंगल में वनविभाग की जमीन की जुताई कर रहे थे। तभी गांव के सुनमान यादव, धर्म यादव, गोलू यादव, जगभान यादव आए गाली गलौंच कर बोले कि यह जमीन हमारी है। इसकी जुताई मत करो। इसी बात पर चारों ने लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया। पुलिस ने उक्त मामले में फरियादियों की शिकायत पर आरोपियों पर धारा 294, 323, 34 भादवि एवं हरिजन एक्ट की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।

## आत्मा का स्वभाव है उत्तम क्षमा धर्म: मुनिश्री

**गुना देशबन्धु।** प्रत्येक वस्तु का जो प्राकृतिक स्वभाव होता है वही उस वस्तु का धर्म है। आत्मा का धर्म क्षमा है, यदि वह उसे छोड़ देती है, उन्हें क्रोध ज्यादा आता है। क्रोधी व्यक्ति को कोई पसंद नही करता है। क्रोध का मूल कारण है, आपने मन की न होना। अपने मन के विपरित होने पर क्रोध आता है, ज्याद अपेक्षा रखना भी कारण है।

उक्त धर्मोपदेश चौधरी मोहल्ला स्थित महावीर भवन में चातुर्मासरत मुनिद्वय आगम सागरजी एवं पुनीत सागरजी महाराज ने पर्वाधिराज पर्यूषण पर्व के प्रथम दिन उत्तम क्षमा धर्म पर संबोधित करते हुए व्यक्त किए। मुनिश्री ने बताया जितना जितना तुम क्राध को सहन कारोगे उतनी उतनी आगामी काल में सहन शाक्ति बढ़ेगी। यहां तक कि व्रज वृषम नारच सहनन जैसी शाक्ति जिसके द्वारा भगवान बना जाता है वह भी प्राप्त हो जाती है। क्षमा बोलकर मांगने के साथ अन्दर से उस बात को भूलना ही सच्ची क्षमा है। मुनिराज प्रति क्षण प्रति पल हमेशा इसे पालते है। विचार करते है कि यह "उत्तम क्षमा धर्म" जीवन भर बना रहे। मुनिश्री ने कहा कि जिनके साथ उठते बैठते हो, रहते हो, उनसे यदि बैर हो गया है तो उससे क्षमा मांगनी चाहिए। उन्हे दिल से क्षमा करना चाहिये। बैर गांठ आगामी काल में शरीर कई गांढ बनकर दर्द देती है।

**उत्तम क्षमा धर्म के साथ शुरू हुए पर्वाधिराज पर्यूषण पर्व:-**इधर दिगंबर जैन समाज के पर्वाधिराज पर्यूषण पर्व का शुभारंभ मंगलवार को उत्तम क्षमा धर्म के साथ हुआ। इसी के साथ दस दिवसीय त्याग, तपस्या और साधना जैन श्रद्धालुओं ने शुरू की। इस मौके पर प्रातः शहर के सभी जैन मंदिरों पर श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा उपरांत सामूहिक रूप से दशलक्षण पूजन की गई। पर्यूषण के प्रथम दिन उत्तम क्षमा दिवस मंदिरों पर कई कार्यक्रम आयोजित हुए। शाम को मंदिरों पर भगवान की आरती, स्वाध्याय उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुए। पर्वाधिराज पर्यूषण पर्व के प्रथम दिन उत्तम क्षमा पर चौधरी मोहल्ला स्थित पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पर भक्तों का तांता लगा रहा। इसी क्रम में मंदिर पर प्रातः 6:30 बजे से भगवान का अभिषेक, शांतिधारा, दशलक्षण धर्म पूजन की गई।

**बजरंगगढ़ प्रतिदिन होगी महाआरती, गुना से चलेगी बस:-**पर्वाधिराज पर्यूषण पर्व पर सभी जैन मंदिरों में खासा उत्साह देखा गया। प्रातः अभिषेक, शांतिधारा उपरांत दशलक्षण पूजन हुईं। बजरंगगढ़ पुण्योदय अतिशय क्षेत्र शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजन अभिषेक करने पहुंचे।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिन पखवाड़े पर युवा मोर्चा ने किया रक्तदान



**गुना, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक भाजपा द्वारा मनाए जा रहे सेवा पखवाड़े के अंर्तगत मंगलवार को युवा मोर्चा द्वारा कंचन ब्लड बैंक गुना में रक्तदान आयोजित किया गया। रक्तदान कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं ने सम्मिलित होकर रक्तदान महादान किया गया। जिनको भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, विधायक गोपीलाल जाटव, जिला मीडिया प्रभारी विकास जैन ने सभी रक्तदाताओं को माल्यार्पण कर स्वागत किया और प्रमाण पत्र वितरण किए। इस मौके पर अरविंद सिंह ठाकरे, अमन जैन, भानु नामदेव, अंकित श्रीवास्तव, शाहरुख खान, विशाल कुशवाह, लवी रजक, मयंक पंत, विकास शर्मा, अंकेश रघुवंशी आदि ने रक्तदान किया।

## घर-घर विराजे गणपति, उत्साह के साथ प्रतिमाएं लेने पहुंचे श्रद्धालु

**गुना, देशबन्धु।** गणेशोत्सव के तहत मंगलवार को शुभ मुहूर्त में घर-घर गणेश जी की स्थापना हुई। वही बच्चों से लेकर बड़ों ने गली-मोहल्लों में भगवान श्री गणेश की आकर्षक झांकियां सजाई। जिन्हें एक आकर्षक रूप दिया गया है। वही हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाराष्ट्रीयन समाज के श्री गोपाल मंदिर ट्रस्ट द्वारा गोपाल मंदिर में भगवान श्री गणेश की स्थापना बड़े ही विधि विधान एवं हर्ष उल्लास के साथ की गई। इस अवसर पर महाराष्ट्रीयन समाज द्वारा मठकरी कॉलोनी से गणेश जी की प्रतिमा को गाजे-बाजे के साथ उत्साह से गोपाल मंदिर तक ले जाया गया। इस दौरान महाराष्ट्रीय समाज की महिलाओं ने अपनी परंपरागत वेशभूषा में बहुत ही शानदार नृत्य करते हुए गणपति बप्पा मोरिया के जयकारे लगाते हुए आकर्षक नृत्य किया। अनेक श्रद्धालुओं ने भी गणपति जी की यात्रा में शामिल होकर धर्म लाभ लिया। वहीं गोपाल मंदिर में प्रतिमा की स्थापना विधि-विधान के अनुसार की



गई। यह परंपरा काफी वर्षों से चली आ रही है। इस वर्ष भी श्री गणेश की स्थापना के साथ अनंत चौदस तक अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। इस मौके पर 20 सितंबर को म्युजिक नाईट, 21 को शतरंज, कैरम एवं पेटिंग प्रतियोगिता होगी। 22 को राधाष्टमी का कार्यक्रम एवं 23 को सांस्कृतिक कार्यकम होगा। पर्व को लेकर मंगलवार को शहर सहित जिले भर में उत्साह रहा। शहर के प्रमुख बाजार हो अथवा गली मोहल्ले, हर जगह ढोल-ढमाकों, बाजे-गाजे व डीजे साउंड की धुन पर थिरकते युवा व महिलाएं गुलाल उड़ाते हुए विभिन्न मुद्राओं की गणेश प्रतिमाओं को पांडालों व घरों तक ले गए। विघ्नहर्ता ने कहीं ट्रैक्टर पर तो कहीं टैक्सी पर, कहीं बैलगाड़ी पर तो कहीं बाईक पर बैठ शहर भ्रमण किया। इस दौरान पूरा वातावरण गणपति बप्पा... मोर्या, जय देवा... श्री गणेशा जैसे जयकारों से गुंजायमान रहा। मंगलमुहूर्त में विघ्नहर्ता भगवान गणेश को विराजित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर आरती की।

**बाजार में सुबह से देर शाम तक रही भीड़:-**शहर के बाजारों में खासकर स्टेशन तिराहा से जयस्तंभ चौराहे, लक्ष्मीगंज आदि में गणेश प्रतिमा खरीदारों की भीड़ रही। कोई ढोल की थाप पर नाच रहा था तो कोई बैंड-बाजों के साथ गणेश प्रतिमा को प्रतिमा स्थल तक ले जाने की तैयारी कर रहा था।

### राजश्री प्राइवेट आईटीआई में कार्यक्रम का आयोजन

## कार्य में कुशलता और समर्पण सफलता की कुंजी है



**आष्टा, देशबन्धु।** राजश्री प्राइवेट आईटीआई में विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष्य में संचालक बीएस परमार ने भगवान विश्वकर्मा में चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। उन्होंने कहा विश्वकर्मा जयंती पर हम न केवल शिल्पकला का महत्व मानते हैं, बल्कि हम यह भी मानते हैं कि हर कार्य में कुशलता और समर्पण हमारे सफलता की कुंजी है। हमें अपने कार्य में निरंतर सुधार करने का संकल्प लेना चाहिए, ताकि हम अपने क्षेत्र में मानकों को ऊंचाई पर पहुंचा सकें। इस विश्वकर्मा जयंती पर, मैं हम सभी को सफलता और खुशी की कीमत में कठिनाइयों का सामना करने का साहस देता हूं। इस कार्यक्रम में आईटीआई स्टाफ में बीएस परमार ,अर्जुन परमार, मीडिया प्रभारी मनोज कमलोदिया, द्वारकाप्रसाद करमोदिया, रविंद्र प्रजापति, सविता बैरागी, राहुल सेन, प्रहलाद मेवाड़ा, पुष्पा मेवाड़ा, रामवती मेवाड़ा, भैयालाल वर्मा, मनीष सोलंकी, अखिलेश सक्सेना, दीपिका जाधव, पूजा परमार, पूजा मेवाड़ा, ओमप्रकाश मेवाडा, ज्योति ठाकुर, माया मेवाड़ा, हिमांशी झावर, बहादुर सिंह, रवि मेवाड़ा, अरविंद यादव, रीना यादव और विद्यार्थियों में टीना वर्मा सहित अन्य प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहे।

## चोरी की नामजद शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई



**गुना, देशबन्धु।** आरोन थानांतर्गत चोरी के मामले में फरियादी द्वारा नामजद रिपोर्ट दर्ज कराने के बावजूद पुलिस ने एक सप्ताह में अभी तक कार्रवाई नहीं की है। मंगलवार को फरियादी ने जिला मुख्यालय पहुंचकर जनसुनवाई में गुहार लगाई। फरियादी नरेन्द्र अहिरवार ने बताया कि 14 सितंबर की रात 11:45 बजे वह अपने रिश्तेदार के यहां से लौट रहा था। तभी उसने घर पर देखा कि राजकुमार, श्यामबाबू, सौरभ एवं तीन अज्ञात व्यक्ति उसके घर से निकल रहे हैं। जब नरेन्द्र ने पूछताछ की तो सभी उसे धमकी देकर चले गए। फरियादी के अनुसार आरोपीगण उसके घर में चोरी की नियत से घुसे थे। इस दौरान उसकी पचास से सत्तर हजार के करीब की बकरियां भी चोरी हो गई। इसकी शिकायत उसने पुलिस को की। लेकिन एक सप्ताह बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। अब आरोपी उसे बार-बार धमकी दे रहे हैं।

## एसएएफ कॉलोनी में मृत मिली आरक्षक की पत्नी



**गुना, देशबन्धु।** कैंट थानांतर्गत एसएएफ कॉलोनी में एक आरक्षक की पत्नी का संदिग्ध हालत में शव क्वार्टर के कमरे में मिला है। एसएएफ में तैनात आरक्षक राजगढ़ जिले में पदस्थ था। पिछले तीन सालों से यह परिवार एसएएफ कॉलोनी में रह रहा था। पुलिस ने मंगलवार को जिला अस्पताल में शव का पीएम कराकर शव परिजनों को सौंपकर मामले की जांच की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कैंट एसएएफ कॉलोनी में आरक्षक दीनदयाल सहरिया परिवार सहित रहते हैं। फिलहाल उनकी ड्यूटी राजगढ़ जिले में लगी हुई है। सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात दीनदयाल की पत्नी शीलबाई का शव उनके कमरे में मृत अवस्था में मिला। रात को बच्चे एवं सास दूसरे कमरे में सोए हुए थे। मंगलवार सुबह जब बच्चों ने देखा की मां रोज की भांति नहीं उठी है तो बच्चे मां को जगाने कमरे में पहुंचे। यहां मां अचेत पड़ी थी। जिसकी सूचना उन्होंने स्थानीय लोगों को दी। मौके पर मौजूद एसएएफ के जवानों ने तुरंत शीला को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने उसकी नब्ज देखकर मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 35 वर्षीय शीलबाई लंबे समय से बीमार भी चल रही थी। लेकिन उनके द्वारा एक ही पूर्व ही तीज का व्रत भी किया गया था। फिलहाल पुलिस ने शव का पीएम कराकर जांच शुरू कर दी है।

### विकास रथ ने गुना एवं राघौगढ़ विकासखण्डों में दी योजनाओं की जानकारी

**गुना देशबनधु।** मप्र शासन जनसंपर्क संचालनालय भोपाल द्वारा तैयार करवाए गए विकास रथ ''विकास किया है, विकास करेंगे'' थीम पर जिले में गांवों का भ्रमण कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास गतिविधियों का एलईडी के माध्यम से प्रचार प्रसार कर रहे है। इसी क्रम में विकास रथ द्वारा विकासखण्ड गुना के ग्राम सोजना, महूगढ़ा,सिघाढी, तथा विकासखण्ड राघौगढ़ के नगर पंचायत आरोन के वार्डो में विकास रथ ने भ्रमण कर, एलईडी के माध्यम से शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार किया। इन गांवों के भ्रमण दौरान विकास रथ द्वारा म.प्र. तब और अब, मध्यप्रदेश में महिला सशक्तिकरण, लाडली बहना सेना, कृषि सिंचाई स्व सहायता समूह, मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना पर आधारित वीडियो फिल्में भी प्रदर्शित की गई। साथ ही जिले के विकास पर आधारित फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया।

### आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**गुना देशबन्धु।** एसडीएम दिनेश सावले द्वारा पानी में डूबकर हुयी मृत्यु के प्रकरण में मृतक के वैद्य वारिसान को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति के आदेश जारी किए गए हैं। तहसीलदार गुना द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन अनुसार 1 जुलाई 23 को निर्मल जाटव पुत्र बालाचंद जाटव निवासी भुल्लनपुरा भुजरिया तालाब गुना में पानी में डूबने से मृत्यु हो गयी थी। पानी में डूबने अथवा नाव दुर्घटना से मृत्यु होने पर मृत व्यक्ति के परिवार के निकटम व्यक्ति, वारिस को आर्थिक सहायता दिये जाने का प्रावधान होने से मृतक की पत्नि लताबाई जाटव को आर्थिक सहायता राशि 4 लाख रूपये की स्वीकृति के आदेश जारी किए गए हैं।

# पटवारियों की हड़ताल का युवा कांग्रेस ने किया समर्थन



आष्टा, देशबन्धु। अपनी मांगों को लेकर निरंतर हड़ताल पर चल रहे पटवारी तहसील परिसर में धरना देकर बैठे हुए हैं। आंदोलनकारी पटवारियों को कांग्रेस की तरफ से समर्थन दिया जा रहा है, सोमवार को युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष शैलेंद्र ठाकुर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पटवारियों के समर्थन में तहसील कार्यालय पहुंचे। पटवारियों के सम्मान में युवा कांग्रेस मैदान में जिलाध्यक्ष यूथ कांग्रेस राजकुमार यादव ने कहा कि आज पटवारियों को किसानों की समस्या को लेकर खेतों में होना चाहिए, लेकिन भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण धरने पर बैठे है। आज उनकी बात सरकार सुनने को तैयार नहीं है। युवा कांग्रेस पटवारियों के समर्थन में उनके साथ है। वहीं उनकी यह लड़ाई भाजपा सरकार से लगातार लड़ेंगे। जल्दी ही प्रदेश भर में पटवारियों की मांगों को लेकर जन आंदोलन करेंगे। इस मौके पर युकां नेता शैलेंद्र सिह ठाकुर , अजय सिंह ठाकुर, धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर, हरपाल ठाकुर, गोलू पटेल, अर्जुन ठाकुर, जय सिंह सहित युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता बडी संख्या में मौजूद रहे।

## युवा कांग्रेस की नई कार्यकारिणी गठित



**गुना, देशबन्धु।** युवा कांग्रेस की नवीन कार्यकारिणी का गठन कांग्रेस भवन में कांग्रेस जिलाध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़ एवं युकां अध्यक्ष प्रमोद सिंह रघुवंशी ने किया। नवीन कार्यकारिणी में तीन दर्जन के करीब युवाओं को शामिल किया गया।

जिसमें प्रवक्ता अनिल रघुवंशी, उपाध्यक्षगण अजय कुशवाह, पुष्पेन्द्र चौहान, आकाश रघुवंशी, विनोद किरार, विक्की चंदेल, आदिल बेग, महासचिव देवेन्द्र यादव, पंकज कनेरिया, रामू रघुवंशी, प्रशांत शर्मा, रामेत धाकड़, कमल अहिरवार, विष्णु किरार, जयपाल जाटव, जागेश्वर शर्मा, भूपेन्द्र ओझा, फारूक खान, अनंत शर्मा, हेमंत गौतम, सचिव लखन जाटव, अजय धाकड़, अर्जुन रघुवंशी, सौरभ धाकड़, सोनू अहिरवार, अजय किरार, नीरज यादव, अनिकेश धाकड़, रानू रघुवंशी, गुल्लू पनमाडी, शिशुपाल रघुवंशी को बनाया गया। जबकि ब्लॉक अध्यक्षों में बमोरी ब्लॉक अध्यक्ष भगवत धाकड़, म्याना ब्लॉक अध्यक्ष मोनू यादव, झागर ब्लॉक अध्यक्ष रमाकांत किरार, फतेहगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष सोनू नायक, गुना शहर ब्लॉक अध्यक्ष प्रतीक कपूर एवं गुना ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष रिषभ रघुवंशी को बनाया गया।

# राजधानी

## सार समाचार

### बरकतउल्ला विवि का दीक्षा समारोह 26 को

**भोपाल, देशबन्धु।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का दीक्षा समारोह 26 सितंबर को सुबह 10.30 बजे से मिंटो हाल में आयोजित होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यपाल मंगुभाई पटेल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उच्च शिक्षा मंत्री डा. मोहन यादव करेंगे। इस समारोह में शैक्षणिक सत्र 2021-22 में पास आउट विद्यार्थियों को डिग्री और मेडल दिए जाएंगे। समारोह में यूजी- पीजी के 27 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक मिलेगा। स्वर्ण पदक पाने वालों में 85 प्रतिशत छात्राओं के नाम हैं। इसमें 23 छात्राएं और चार छात्र शामिल हैं। दीक्षा समारोह में राज्यपाल मंगुभाई पटेल 192 विद्यार्थियों को उपाधि और पदक प्रदान करेंगे। समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति एसके जैन, रजिस्ट्रार आइके मंसूरी, फैकल्टी एवं विद्यार्थी शामिल होंगे।।

### अब भूमि बंधक की प्रक्रिया ऑनलाइन

**भोपाल, देशबन्धु।** अब भूमि बंधक की प्रक्रिया को भी पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया गया है। किसान को ऋण लेने के लिये बैंक में ऑनलाइन आवेदन करना होता है, बैंक द्वारा पोर्टल से भूमि के ब्यौरे का एवं आधार डेटा से किसान का सत्यापन किया जाता है, बैंक द्वारा बंधक आवेदन पोर्टल पर ऑनलाइन प्रेषित किया जाता है, इसका सत्यापन पोर्टल पर ही पटवारी द्वारा किया जाता है एवं तहसीलदार द्वारा ऑनलाइन स्वीकृति दी जाती है। पहले इसके लिये कोई समय-सीमा निर्धारित नहीं थी, अब इन आवेदनों का निराकरण 3 दिन में हो जाता है।

### दिव्यांगों के लिये सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश सरकार द्वारा दिव्यांगजन प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत दिव्यांग्जन व्यक्तियों के लिये सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना संचालित है। योजना के तहत राज्य शासन द्वारा 40 प्रतिशत या उससे अधिक नि:शक्त व्यक्तियों द्वारा सिविल सेवा की प्रारंभिक परीक्षा देने के लिये 20 हजार रूपये, मुख्य परीक्षा दिलाने के लिये 30 हजार रूपये और अंतिम चयन होने पर 20 हजार रूपये दिये जाते हैं। सिविल सेवा की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद परीक्षा परिणाम तक सहायता राशि दी जाती है। योजना का लाभ उन्हीं नि:शक्तजनों को दिया जाता है, जो मध्यप्रदेश के मूल निवासी हैं।

### अर्थाभावग्रस्त साहित्यकारों की सहायता के लिए समिति गठित

**भोपाल, देशबन्धु।** कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा भोपाल जिले के अर्थाभावग्रस्त लेखकों, कलाकारों और उनके आश्रितों को मासिक सहायता योजना अंतर्गत हितग्राही चयन प्रक्रिया के लिए समिति का गठन किया गया है । कलेक्टर द्वारा गठित समिति में अध्यक्ष कलेक्टर होंगे और प्रभारी अधिकारी एस.सी.-1 शाखा को सचिव बनाया गया है। समिति में सुश्री नुसरत मेंहदी (उर्दू साहित्य), प्रेम शंकर शुक्ला (हिन्दी साहित्य), जयंत भिसे (संगीतज्ञ), जिला जनसम्पर्क अधिकारी, भोपाल और समस्त अनुविभागीय अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के लिए सदस्य बनाए गए हैं।

# शहर में सैकड़ों स्थानों पर विराजे गणेश



**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी में रिद्धी-सिद्धी के दाता भगवान श्री गणेश का दस दिवसीय महोत्सव मंगलवार से शुरु हो गया। महोत्सव के पहले दिन शहर में सैकड़ों स्थानों पर बनाए गए पंड़ालों में विधि विधान से पूजा अर्चना कर गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की गई। वहीं सनातन धर्माबलंबियों ने अपने घरों और प्रतिष्ठानों में भी श्री गणेश को विराजित किया। शहर में मंगलवार सुबह से ही श्रद्धालुओं द्वारा भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं को गाजे बाजे और जयकारों के बीच निर्माण स्थल से स्थापना पंड़ालों तक ले जाने का सिलसिला शुरु हो गया था, जो दिन भर चलता रहा। वहीं झांकी स्थलों पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रतिमाओं की स्थापना की गई। यह नजारा पुराने शहर के अलावा नए शहर, भेल और बैरागढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में रहा। यहां के कई स्थानों पर गणेश प्रतिमाओं के साथ विभिन्न प्रसंगों पर झांकियां भी बनाई गई हे। उधर श्री गणेशोत्सव के मद्देनजर जिला व पुलिस प्रशासने ने सुरक्षा तथा नगर निगम द्वारा साफ सफाई के इंतजाम किए गए है।

# मोबाइल कारोबारी ने ट्रेन से कटकर की खुदकुशी



**भोपाल, देशबन्धु।** खजूरी सड़क थाना पुलिस ने सोमवार देर रात ग्रैंड जलसा मैरिज लौन के पीछे रेलवे पटरी से मोबाइल कारोबारी की लाश बरामद की। घटना स्थल पर ही उसकी मोपैड गाड़ी भी खड़ी मिली है। इससे पुलिस का अनुमान है कि कारोबारी ने आत्महत्या की है। हालांकि पुलिस को शव की तलाशी में कोई पत्र नहीं मिला है। वही परिजनों के बयान नहीं होने के कारण आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार देर रात स्टेशन मास्टर ने खजूरी थाने में सूचना दी कि ग्रैंड जलसा के पिछले हिस्से में रेलवे पटरी पर युवक की लाश पड़ी है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए हमीदिया अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया। सोमवार रात शव की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। लेकिन मंगलवार सुबह सोशल मीडिया की मदद से शव की पहचान मकान नंबर 183 पंचवटी कॉलोनी पार्क तीन निवासी धर्मेंद्र देवनानी पुत्र खेलदास देवनानी उम्र 50 वर्ष के रुप में हुई। बताया गया है कि धर्मेंद्र मोबाइल कारोबारी थे। नादरा बस स्टैंड के पास उनकी चॉइस मोबाइल के नाम से दुकान है। सोमवार दोपहर को दुकान से निकले थे। इसके बाद घर नहीं पहुंचे थे। मामले की जांच कर रहे एसआई जेपी सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों के बयान दर्ज नहीं किए जा सके हैं। शव और गाड़ी की तलाशी में कोई पत्र भी नहीं मिला है। इससे आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। मंगलवार को शव परिजनों को सौंपने के साथ ही विवेचना शुरु कर दी गई है।

# मोटर साइकिल सवार बदमाशों ने महिला के गले से मंगलसूत्र लूटा



**भोपाल, देशबन्धु।** त्योहार शुरू होने के कारण शहर में चहल-पहल बढ़ते ही चोर, लुटेरे भी सक्रिय हो गए हैं। इसी क्रम में सोमवार रात बैरागढ़ के चंचल चौराहे के पास मोटर साइकिल सवार दो बदमाशों ने एक महिला के गले से सोने का मंगलसूत्र लूट लिया। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की तस्वीरें खंगालकर बदमाशों के बारे में जानकारी जुटा रही है। बैरागढ़ थाना पुलिस के मुताबिक त्रिलंगा शाहपुरा निवासी स्वप्निल वैष्णव ठेकेदारी करते हैं। सोमवार को वह अपनी पत्नी शिल्पा के साथ खरीदारी करने बैरागढ़ गए थे। बाजार से सामान खरीदने के बाद दोनों चंचल चौराहे के पास खड़ी अपनी गाड़ी के पास पहुंचे। इसी दौरान मोटर साइकिल पर आए दो युवकों में से पीछे बैठे युवक ने शिल्पा के गले से मंगलसूत्र झपट लिया। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश तेजी से गाड़ी चलाते हुए वहां से फरार हो गए। लूटे गए मंगलसूत्र की कीमत 40 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस लूट का प्रकरण दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरु कर दी है।

### दुकान, मकान और अस्पताल से एक लाख की चोरी

**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी में चोरियां थमने का नाम नहीं ले रही है। एक बार फिर से 24 घंटे में मकान, दुकान और अस्पताल में चोरी के मामले सामने आए हैं। इन तीनों स्थानों से एक लाख रुपये से ज्यादा का सामान चोरी किया गया है। पुलिस ने सभी मामलों में प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक टीटीनगर के शिवनगर में अनिल कुमार जैन की दुकान है। शातिर चोर उनकी दुकान में घुसकर करीब दस हजार का सामान चुराकर फरार हो गए । इसी तरह से दूसरी चोरी की वारदात टीटीनगर के जनरल अस्पताल में हुई, जहां केस काउंटर से बदमाश 28 हजार रुपये चुराकर फरार हो गए। इस मामले में अस्पताल की ओर से निहालउद्दीन ने शिकायत दर्ज कराई है। बागसेवनिया में बरकत्तउल्ला विश्वविद्यालय के पास मनीष पवार की कियोस्क की दुकान है। जहां से चोर लैपटाप, स्कैनर समेत इलेक्ट्रोनिक्स का काफी सामान चुराकर फरार हो गए। पुलिस ने सभी चोरी की वारदात में प्रकरण दर्ज कर लिया है। लेकिन किसी चोरी का सुराग नहीं मिल पाया है।

### कट्टा लेकर घूम रहा बदमाश गिरफ्तार

**भोपाल, देशबन्धु।** अशोका गार्डन पुलिस ने एक युवक को कट्टा लेकर घूमते हुए पकड़ा है, अशोका गार्डन पुलिस के मुताबिक आगामी विधानसभा चुनाव और त्यौहारों को लेकर गुंडे बदमाशों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि औद्योगिक क्षेत्र स्थित संजय कांटा स्थित टावर के पास एक युवक अवैध हथियार लेकर किसी वारदात की फिराक में घूम रहा है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने संदेही को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना नाम अयाजउद्दीन 27 निवासी राजगढ़ कालोनी छोला रोड फूटा मकबरा बताया। तलाशी लेने पर अयाजउद्दीन के पास एक कट्टा बरामद हुआ, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। इधर कमला नगर पुलिस ने राहुल नगर के पास अवैध रूप से छुरी लेकर घूम रहे विक्की बिनौरे 24 निवासी कमला नगर को गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिए गए हैं।

### बच्चों ने सीखा डेंगू से बचाव का तरीका

**भोपाल, देशबन्धु।** सीएम राइज स्कूल बरखेड़ा भेल एवं शासकीय हाई स्कूल हबीबगंज के 500 विद्यार्थियों ने जाना मच्छरजन्य रोगो से बचाव के विभिन्न उपाय। प्राचार्या श्रीमति हेमलता परिहार एवं प्राचार्य स्मिता पांडे की उपस्थिति बच्चों ने मच्छर के जीवन चक्र को जाना साथ ही साथ बारिश के मौसम में बच्चें करे स्कूल एवं घरों की निगरानी करे। जिला स्वास्थ्य समिति भोपाल के सहयोग से संचालित एंबेड परियोजना फैमिली हेल्थ इंडिया एवं जिला मलेरिया कार्यालय भोपाल के द्वारा में छात्रों को डेंगू एवं मलेरिया से बचाव के कारण, उपाय आदि के बारे में विस्तार से समझाया।

# काम की तलाश में निकले युवक की सड़क हादसे में मौत



**भोपाल, देशबन्धु।** ईंटखेड़ी इलाके में अज्ञात वाहन ने पैदल जा रहे युवक को रौंद दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया गया है कि युवक काम की तलाश भाई के साथ घर से निकला था। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। दीपक रघुवंशी पुत्र बब्लू रघुवंशी उम्र 22 वर्ष महावीर बस्ती गांधीनगर में रहता था। वह सोमवार शाम अपने भाई गोलू के साथ लिफ्ट लेकर अरवलिया जोड़ तक गया था। जहां दोनों भाई पैदल ही जा रहे थे। तभी रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने दीपक को रौंद दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। इस दौरान उसका भाई गोलू पीछे चल रहा था, इसलिए वह हादसे का शिकार नहीं हुआ। घटना की खबर लगते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। दीपक के भाई गोलू ने बताया की भाई दिहाडी मजदूरी करता है। पिछले कई दिनों से उसके काम नहीं मिला था। काम की तलाश में भाई और वह अरवलिया आए थे। यहां से लौटते समय भाई उनकी आंखों के सामने हादसे का शिकार हो गया। पुलिस ने मंगलवार की सुबह पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। साथ ही पुलिस ने टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

# विज्ञान मेले में आरकेडीएफ विवि के विद्यार्थियों को मिला दूसरा स्थान



**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल में आयोजित 10 वे विज्ञान मेले में आरकेडीएफ विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओ के द्वारा परिसीजन एग्रीकल्चर पर मॉडल का प्रदर्शन किया, जिसमें छात्रों द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद लेकर आधुनिक तरीके से खेती करना बताया गया। इस मॉडल के लिए विद्यार्थियों को द्वितीय स्थान प्रदान किया गया। वहीं आरकेडीएफ विश्वविद्यालय को श्रेष्ठ शैक्षणिक संस्थानों में भी द्वितीय पुरस्कार से से सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय की इस सफलता पर कुलाधिपति डॉ. साधना कपूर, कुलपति प्रो. विजय अग्रवाल, डायरेक्टर मैनेजमेंट डॉ. बी एन सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुनील पाटिल, रजिस्ट्रार डॉ. एन के लारिया और डीन फैकल्टी ऑफ़ एग्रीकल्चर, डॉ. के सी पांडे ने बधाई दी।

# किशोरी से किया दुष्कर्म, गर्भवती होने पर हुआ खुलासा

**भोपाल, देशबन्धु।** कोहेफिजा थाना पुलिस ने अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर किशोरी के साथ अज्ञात व्यक्ति द्वारा दुष्कर्म करने का प्रकरण दर्ज किया है। घटना का पता तब चला जब पेट दर्द की शिकायत पर परिजन किशोरी को उपचार के लिए अस्पताल ले गए थे। वहां जांच के दौरान उसके सात माह की गर्भवती होने की जानकारी मिली। हालांकि किशोरी अभी यह नहीं बता सकी कि उसके साथ किसने ज्यादती की थी।

कोहेफिजा थाना प्रभारी बृजेंद्र मर्सकोले ने बताया कि 16 वर्षीय किशोरी कोहेफिजा थाना क्षेत्र की एक झुग्गी बस्ती में बस्ती में रहती है। वह एक सरकारी स्कूल में 7 वीं कक्षा की पढ़ाई कर रही है। लड़की के माता पिता मजदूरी करते हैं। रविवार रात उसके पेट में अचानक तेज दर्द होने लगा। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां पर जांच करने के बाद चिकित्सक ने बताया कि किशोरी गर्भवती है तथा उसके पेट में 7 माह का गर्भ है। यह सुनकर किशोरी के परिजन सन्न रह गए। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए अस्पताल प्रबंधन द्वारा इसकी सूचना पुलिस थाने को भी दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंची तथा किशोरी के बयान दर्ज किए। किशोरी ने पुलिस को बताया कि उसके साथ फरवरी महीने में ज्यादती की गई थी। किशोरी ने ज्यादती करने के वाले के बारे में कुछ भी नहीं बताया है, जिसके कारण अज्ञात आरोपी के खिलाफ बलात्कार का प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी का नाम व अन्य जानकारी के लिए पीड़िता की काउंसिलिंग की जाएगी।

### ऐसे की गई वारदात

छात्रा ने पुलिस को बताया कि उसके घर में शौचालय नहीं है। लिहाला घटना वाले दिन घर के पास ही स्थित झाड़ियों में शौच करने गई थी। तभी वहां एक अज्ञात युवक मिला। उसने जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ ज्यादती की। आरोपी ने वारदात के संबंध में किसी को भी बताने पर जान से मारने की धमकी दी थी। इसी डर से वह खामोश रही। वहीं परिजनों ने पुलिस को बताया कि बीते सात महीनों में उन्हें कभी एहसास नहीं हुआ की लड़की गर्भवती है। अचानक पेट दर्द की शिकायत के बाद उसे अस्पताल ले गए। तब लड़की के गर्भवती होने का खुलासा हुआ।

# श्रवण बाधित बच्चों की पहचान कर उपचार करने के निर्देश

**भोपाल, देशबन्धु।** बाल श्रवण उपचार योजना के छूटे बच्चों का चिन्हांकन कर उपचार सुनिश्चित किया जायेगा। इस संबंध में एमडी एनएचएम ने जिलों के सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिये हैं। आशा कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में 4 वर्ष से कम आयु के श्रवण-बाधित बच्चों का चिन्हांकन का कार्य किया गया।

आशा कार्यकर्ता द्वारा चिन्हित बच्चों को आँगनवाड़ी केन्द्र में प्राथमिक जाँच के लिये लाया जायेगा। एएनएम ऐसे सभी बच्चों का, जिनमे श्रवण-बाधित और आंशिक रूप से श्रवण-बाधिता पाई गई है, उनकी पुन: जाँच कर श्रवण-बाधिता की पुष्टि करेगी। एएनएम से पुष्टि के बाद श्रवण-बाधित बच्चों को जाँच के लिये निकटतम प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर लाया जायेगा। चिकित्सा अधिकारी श्रवण-बाधित की पुष्टि के लिये जाँच करेंगे। ग्राम स्तर से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर तक रेफरल प्रक्रिया की निगरानी की जवाबदेही सीएचओ की रहेगी। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर चिन्हित श्रवण-बाधित बच्चों को जिला शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र ले जाया जायेगा। चिन्हित श्रवण-बाधित बच्चों को हियरिंग एड के लिये निःशक्तता प्रमाण-पत्र मेडिकल बोर्ड से उपलब्ध कराया जायेगा। चिन्हांकित श्रवण-बाधित बच्चों को हेयरिंग एड देकर प्राथमिक उपचार दिया जायेगा। आवश्यकता अनुसार 5 वर्ष आयु तक के छूटे हुए श्रवण-बाधित बच्चों का एडीआईपी योजना में मान्यता प्राप्त चिकित्सालयों में निःशुल्क उपचार कराया जायेगा। श्रवण-बाधित चिन्हांकित बच्चों के निःशुल्क उपचार के लिये निर्धारित पैकेज में कॉकिल्यर इम्पलांट सर्जरी के लिये 5 लाख 20 हजार, परिवहन के लिये 2 हजार और इम्पलांट के बाद पूर्ण फॉलोअप के लिये एक लाख 28 हजार रूपये की राशि निर्धारित है। निःशुल्क कॉकिल्यर इम्पलांट सर्जरी सहित उपचार के लिये प्रदेश के 7 चिकित्सालय संबद्ध हैं। इनमें दिव्य एडवांस ईएनटी क्लीनिक भोपाल, श्री अरविंदो मेडिकल कॉलेज इंदौर, चिरायु मेडिकल कॉलेज भोपाल, एलएन मेडिकल कॉलेज एवं जे.के. हॉस्पिटल भोपाल, नोबल हॉस्पिटल इंदौर, चोईथराम हॉस्पिटल इंदौर और आर.डी. गार्डी मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल उज्जैन शामिल हैं।

# कौशल को जीवन के 90 वर्ष पूर्ण होने पर दी बधाई



**भोपाल, देशबन्धु।** सेवानिवृत्त अपर संचालक जनसंपर्क जगदीश कौशल को जीवन के 90 वर्ष पूर्ण होने पर आज सप्रे संग्रहालय में एक कार्यक्रम में बधाई दी गई। शतायु कामना पर्व में भारत के पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त ओपी रावत ,पद्मश्री विजय दत्त श्रीधर सहित अनेक वरिष्ठ नागरिक, लेखक पत्रकार और श्री कौशल के साथ कार्य कर चुके अनेक जनसंपर्क अधिकारी उपस्थित थे। वरिष्ठ लेखक घनश्याम सक्सेना , राजेश जोशी, इंदिरा त्रिवेदी, जया आर्य, भंवर लाल श्रीवास, मंगला अनुजा, मृदुल त्यागी, पूर्व संचालक जनसंपर्क लाजपत आहूजा, सुरेंद्र द्विवेदी, प्रकाश दीक्षित, अशोक मनवानी, श्री कौशल के परिवार के सदस्य किरण, पराग, राजीव कौशल, पंकज कौशल ,रचना गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# समाज का वास्तविक चित्र प्रस्तुत करते हैं कवि : श्रीधर



**भोपाल, देशबन्धु।** देश के छह कवि और कवयित्रियों के कविता संकलन च्बहुत कुछ कहा हमने ᅳ अकविता की वापसी' की कविताओं में हमारे समय, समाज और परिस्थितयों को केन्द्र में रखकर, जो लिखा गया है, वह वास्तव में आज की दुनिया, देश तथा अपने आसपास के तेजी से घटते घटनाक्रमों का जीवंत चित्रण हैं, जो हमें सोचने और समझने के लिए विवश करता है। ये विचार उपरोक्त कविता संकलन के लोकार्पण समारोह में अतिथियों ने व्यक्त किए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माधव राव सप्रे समाचार पत्र संग्रालय के संस्थापक विजयदत्त श्रीधर ने कहा कि कवि समाज का वास्तविक चित्र प्रस्तुत करते हैं। वे आम आदमी की जिंदगी को कविता में पिरो देते हैं। उनके कवि-मन के उमड़ते भावों की अभिव्यक्ति है। विशेष अतिथि उमेश त्रिवेदी ने कहा कि आमतौर पर हर व्यक्ति कवि होता है, लेकिन वह कवियों की तरह अपने को अभिव्यक्त नहीं कर पाता। पर उसके पास कवि की ही तरह संवेदनाएं होती हैं। पंकज पाठक ने कहा कि स्व. जगदीश चतुर्वेदी और स्व. हरीश पाठक ने अकविता के माध्यम से जो अभिव्यक्त किया था, वह आज भी पूरी दुनिया में हमारे सामने है। देश की प्रख्यात कवयित्री लेखिका और नृत्यांगना सुश्री अनुभूति चतुर्वेदी ने कहा कि नई कविता के महत्वपूर्ण हस्ताक्षर पंकज पाठक ने इस संकलन के माध्यम से हिन्दी की कविता के प्रख्यात और लोकप्रिय अकविता आंदोलन को फिर से जीवंत कर दिया है। उन्होंने कहा कि सन साठ के दशक में प्रख्यात कवि स्व. जगदीश चतुर्वेदी, जो स्वयं मध्यप्रदेश के थे, ने अकविता का जो तूर्यनाद किया था, उसका गुंजन आज के समाज, समय और संवेदनाओं के वायुमंडल में अभी भी सुनाई देता है। च्बहुत कुछ कहा हमने' की कविताएं इसी का एक महत्वपूर्ण और संग्रहणीय है। ऋचा चतुर्वेदी ने कहा कि हम अकविता के आंदोलन को अपनी कविता के माध्यम से आगे बढ़ाएंगे। डॉ. संतोष व्यास ने अकविता के शिल्प और उसकी भाव-भंगिमा की चर्चा की।

प्रथम में अतिथियों ने काव्य संकलन का लोकार्पण किया। संकलन के संपादक पंकज पाठक हैं। उनके साथ संकलन के अन्य कवि अनुभूति चतुर्वेदी (नई दिल्ली), शिल्पा शर्मा (मुंबई), ऋचा चतुर्वेदी (नई दिल्ली), डॉ. संतोष व्यास (होशंगाबाद) और युगांक चतुर्वेदी (नई दिल्ली) हैं । कार्यक्रम का संचालन उद्घोषक एवं कला समीक्षक दीपक पगारे ने किया और भारतीय शिक्षण मंडल के प्रांत संपर्क प्रमुख विनोद शर्मा ने आभार माना। कार्यक्रम में पद्मश्री से अलंकृत वैश्विक ख्याति के ध्रुपद गायक उमाकांत गुंदेचा, विधायक पीसी शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र शर्मा और रामभुवन सिंह कुशवाह, पूर्व महापौर दीपचंद यादव, मप्र पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष एड. जेपी धनोपिया, उद्योगपति गोविंद गोयल, कांग्रेस प्रवक्ता संगीता शर्मा, फिल्म लेखक विनोद नागर, प्रख्यात शायर और उर्दू के शिक्षाविद बद्र वास्ती सहित बड़ी संख्या में साहित्यकार एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### मतदाता सत्यापन का कार्य आज से

**भोपाल, देशबन्धु।** मतदाता सूची पूरी तरह से शुद्ध हो इसके लिए 20 सितंबर से मतदाता सत्यापन का कार्य शुरू होगा। सभी बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रदेश में फोटो निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 का कार्य चल रहा है। इसके अंतर्गत प्रदेश के सभी 64 हजार 523 बीएलओ द्वारा 10 दिन तक घर-घर जाकर मतदाता सत्यापन का कार्य किया जाएगा, जिसकी शुरुआत 20 सितंबर से होगी और यह कार्रवाई 30 सितंबर तक चलेगी। इस दौरान बीएलओ द्वारा बीएलओ एप के माध्यम से प्रत्येक मतदाता का उसके घर जाकर सत्यापन किया जाएगा और मृत मतदाता और दोहरी प्रवृष्टि वाले मतदाताओं की जांच की जाएगी।

देशबन्धु

भोपाल, बुधवार 20 सितम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# नारी शक्ति वंदन उर्फ महिला आरक्षण

चुनावी साल में हार की आशंकाओं के बीच जूझ रही भाजपा ने 19 सितम्बर को फिर एक चुनावी दांव चला। दांव पुराना था, लेकिन मोदी सरकार ने अपने चलन के अनुरूप उस पर नया मुलम्मा चढ़ाकर इस तरह पेश किया, मानो यह उसी की पहल हो। 19 सितम्बर, 2023 को संसद के विशेष सत्र के दूसरे दिन संसद के नए भवन से कामकाज शुरु हुआ। मोदी सरकार ने इसके लिए गणेश चतुर्थी का दिन ही क्यों चुना, ये समझना कठिन नहीं है। हिंदुओं के लिए गणेश चतुर्थी का दिन खास मायने रखता है। पहले गणेश उत्सव महाराष्ट्र के अलावा कुछ गिने-चुने राज्यों में ही धूमधाम से मनाया जाता था। लेकिन सिनेमा और टीवी की पहुंच और प्रभाव के कारण धीरे-धीरे सारे देश में इसका दायरा बढ़ने लगा। लेकिन फिर भी इस दिन को राजनैतिक तौर पर भुनाने की कोशिश अब तक किसी सरकार ने नहीं की। श्री मोदी यहां भी कीर्तिमान स्थापित कर गए।

गणेश चतुर्थी के दिन संसद में प्रवेश से पहले, वे सेंट्रल विस्टा का उद्घाटन पंडितों की मौजूदगी में मंत्रोच्चार के बीच कर चुके हैं और दोनों ही अवसरों पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का न होना कई सवालों को खड़े कर देता है। राष्ट्रपति महोदया को इन महत्वपूर्ण अवसरों पर मोदी सरकार ने क्यों शामिल नहीं किया, इसका जवाब वही दे सकते हैं। लेकिन एक बात दीवार पर लिखी इबारत की तरह स्पष्ट है कि संसद के कामकाज में भगवान और पूजा पाठ शामिल कर मोदी सरकार ने संविधान की भावना का अनादर किया, जो धर्मनिरपेक्षता की व्याख्या करता है। मोदी सरकार ने लोकतंत्र के लिए सबसे जरूरी इस मंच को एक धर्म तक समेटने की कोशिश की, ताकि इसका लाभ उन्हें चुनाव में मिल सके। श्री मोदी के पास जनवरी में राम मंदिर के उद्घाटन का मौका अभी बचा है, लेकिन ऐसा लग रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी को अपनी सत्ता के हिलने का अहसास होने लगा है और इसलिए वे इस वक्त किसी भी मौके को चूकना नहीं चाहते।

संसद में कई दशकों से महिला आरक्षण पर कानून बनाने की मांग हो रही है। मोदी सरकार ने अपने 9 सालों के कार्यकाल में तो अब तक इस पर कुछ नहीं किया था, लेकिन लोकसभा चुनाव में जब साल भर भी नहीं बचे हैं, तो श्री मोदी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम नाम का जिक्र संसद में किया और कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने इसे सदन के पटल पर रखा। इस विधेयक के पारित होने के बाद लोकसभा में महिला सांसदों की संख्या बढ़कर 181 हो जाएगी। मौजूदा समय में लोकसभा में कुल सदस्य संख्या 543 है। और इस वक्त महिला सांसदों की संख्या 82 है। विधेयक में संविधान के अनुच्छेद- 239 एए के तहत राजधानी दिल्ली की विधानसभा में भी महिलाओं को 33प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। यानी, दिल्ली विधानसभा में भी 70 में से 23 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित रहेंगी। अन्य राज्यों की विधानसभाओं में भी महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू किया जाएगा। जो लोकसभा या विधानसभा सीट महिलाओं के एक चुनाव में आरक्षित होगी अगले चुनाव में वही सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित नहीं होंगी। बल्कि अन्य 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की जाएंगी। इसके बाद जो तीसरा चुनाव होगा उसमें बची हुई 33 प्रतिशत सीटों को महिलाओं के लिए आरक्षित किया जाएगा।

इस विधेयक के ऐसे प्रावधानों को सुनकर लगता है कि देश में कोई अभूतपूर्व क्रांति होने वाली है। महिलाओं को एकदम से शक्ति मिलने वाली है। एक झटके में सारी व्यवस्था सुधर जाएगी, महिला विरोधी मानसिकता ठीक हो जाएगी। लेकिन हकीकत फिलहाल ऐसी नहीं है। विधेयक के मसौदे पर में यह लिखा है कि इसे 'संविधान (एक सौ अट्ठाईसवां संशोधन) अधिनियम 2023 के प्रारंभ होने के बाद होने वाली पहली जनगणना के प्रासंगिक आंकड़े प्रकाशित होने' के बाद लागू किया जा सकेगा। इसे निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन या पुनर्निर्धारण के बाद लागू किया जाएगा। लागू होने के बाद अधिनियम 15 वर्ष तक प्रभावी रहेगा। अगली जनगणना कब तक होगी, इसका कोई ठिकाना नहीं है, क्योंकि सरकार की प्राथमिकता में शायद जनगणना के आंकड़े जुटाना है ही नहीं। जब तक जनगणना नहीं होगी, तब तक महिला, पुरुष, अजा, जजा, ओबीसी इन सब के ताजा आंकड़े नहीं आएंगे और जब आंकड़े ही नहीं होंगे, तो आरक्षण की व्यवस्था किस तरह होगी, ये बड़ा सवाल है। यह निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन और कानून लागू होने के बाद पहली जनगणना के बाद ही संभव हो पाएगा।

इसका यही मतलब है कि संसद के नए भवन में प्रवेश के साथ ही मोदी सरकार ने जिस तरह महिला आरक्षण को एक नए नाम नारी शक्ति वंदन अधिनियम के साथ पेश किया, वो सभी दलों से विचार-विमर्श के बाद पूरी तैयारी के साथ पहले या बाद में भी पेश हो सकता था, लेकिन सरकार ने इसी दिन को चुना ताकि अपना नाम इतिहास में दर्ज करा सके। श्री मोदी ने इस विधेयक के बारे में बोलते हुए कहा भी कि ईश्वर ने इस शुभ काम के लिए शायद मुझे चुना है। इस वक्तव्य में श्रेय बटोरने की हड़बड़ी साफ दिखाई देती है। क्योंकि मोदी सरकार ये जानती है कि महिला आरक्षण का विचार राजीव गांधी के प्रधानमंत्रित्व कार्यकाल से ही पनपना शुरु हुआ है, और बाद की तमाम सरकारों ने अपने-अपने स्तरों पर इसे पारित करवाने की कोशिश की। 2010 में सोनिया गांधी के प्रयासों से राज्यसभा तक में महिला आरक्षण विधेयक पारित हो गया, लेकिन तब राजद, सपा जैसे दलों की कुछेक आपत्तियों के कारण लोकसभा में लटक गया। महिला आरक्षण विधेयक के लटकने-अटकने का इतिहास तो सबको ज्ञात है, लेकिन अब मोदी सरकार ने इसके नाम पर भटकाने का रास्ता भी प्रशस्त कर दिया। सरकार ने यही इशारा दिया है कि केवल वही महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रयासरत है, जबकि यह पूरा सच नहीं है। आधे-अधूरे सच और आधी-अधूरी तैयारियों के साथ महिला आरक्षण या नारी शक्ति वंदन अधिनियम किस दिशा में बढ़ता है और किस दशा को प्राप्त होता है, ये जानने के लिए इंतजार करना होगा।

# नये संसद भवन और विशेष सत्र का औचित्य अब साफ है

पूर्व घोषणा के अनुसार भारतीय संसद अपने नये पते पर स्थानांतरित हो गई है। सोमवार को पुरानी इमारत में उसने अपना अंतिम कामकाज निपटाया और मंगलवार को गणेश जी की विधिवत पूजा-अर्चना कर नये भवन का श्रीगणेश हुआ। 22 सितम्बर तक कई काम निपटाकर 5 दिवसीय विशेष सत्र समाप्त तो हो जायेगा लेकिन सोच-विचार करने वाला हर कोई जानता है कि इस नये संसद भवन और विशेष सत्र का औचित्य क्या है। औचित्य पर इसलिये सवाल उठता रहेगा क्योंकि देश के पास पहले से एक शानदार भवन उपलब्ध है जिसने अपने सभा कक्षों एवं गलियारों में देश को निर्मित होते देखा है; और जो अभी भी इस हाल में है कि वह अगले सौ-एक साल तक तो देश को प्रेरणा देने के अलावा हमारी संसदीय ज़रूरतों को पूरा भी कर सकता है- अगर आवश्यक हुआ तो थोड़ी-बहुत मरम्मत करके एवं उसमें कुछ बदलाव लाकर। हालांकि कोई कह सकता है कि अब तो नयी इमारत न केवल बन गई है और संसद का काम-काज नये पते पर प्रारम्भ भी हो गया है, तो इसके निर्माण के औचित्य पर सवाल करने का क्या अर्थ है। तो बात यह है कि संसद भवन देश का है और उसी के पैसों से बना है। फिर, यह ऐसे समय पर बनना शुरू हुआ था तब पूरी दुनिया के साथ भारत के लोग कोरोना की दो-दो लहरों के प्रकोप को भुगत रहे थे। जब लोगों को ऑक्सीजन संयंत्रों, एंबुलेंसों, अस्पताल में विशेष बिस्तरों, दवाओं की आवश्यकता थी तब देश का प्रधान सेवक नयी बिल्डिंग बनवाने में व्यस्त था तथा राजकोष का खर्च इस अब भी गैर जरूरी भवन पर कर रहा था। वैसे नये भवन के औचित्य पर तभी से सवाल उठते रहे हैं जब उसकी योजना बनी ही थी। जवाब न देने की आदी और सफाई देने में अपनी हेठी समझने वाली मोदी सरकार ने इस पर विस्तार से कभी अन्य दलों से चर्चा तक नहीं की। यहां तक कि भाजपा के सासंद तक इससे अनभिज्ञ थे।

दूसरे, जो शासकीय विधेयक लाये जा रहे हैं उनका भी इसलिये औचित्य पूछा जायेगा क्योंकि उन्हें कुछ दिनों पहले समाप्त हुए मानसून सत्र में लाया जा सकता था या वे आगामी शीतकालीन सत्र में भी पारित हो सकते थे। दूसरे, जो 7-8 शासकीय विधेयक लाये जा रहे हैं उनका भी इसलिये औचित्य पूछा जा रहा है कि उन्हें कुछ दिनों पहले समाप्त हुए मानसून सत्र में लाया जा सकता था या वे आगामी शीतकालीन सत्र में भी पारित हो सकते थे। अभी देशवासी इस राष्ट्रीय तमाशे के बीच में पहुंचे थे कि नये-नये तमाशों को एक के बाद एक प्रस्तुत करने में माहिर प्रधानमंत्री ने नया आईटम पेश कर दिया जो सबसे महत्वपूर्ण है- महिला आरक्षण। सोमवार की शाम को कैबिनेट की हुई बैठक में बहुप्रतीक्षित महिला आरक्षण का मसौदा मंजूर करने से लगा था कि इसके लिये भी रास्ता साफ हो गया है। अगर ऐसा होता होता यह अच्छी बात होती परन्तु जो 6 पेजी विधेयक लाया गया तो वह भी 'पोस्ट डेटेड' निकला। इसे परिसीमन के बाद 2026 में लागू किया जायेगा। इसके प्रारूप का अध्ययन करने एवं विभिन्न राजनैतिक दलों के भीतर विचार-विमर्श के लिये सांसदों को समय तक नहीं दिया गया। भारतीय जनता पार्टी के केन्द्र में दूसरे कार्यकाल के लगभग अंतिम चरण में यह विधेयक लाना बहुत कुछ बतलाता है। अब देखना होगा कि जब इसके लागू होने का वक्त आएगा (2026 में) तो इसके प्रावधान क्या होंगे और उसका स्वरूप क्या रहेगा। वह सभी वर्गों की महिलाओं को समुचित न्याय दे पाता है या नहीं, यह भी देखे जाने की आवश्यकता है। पहले और दूसरे दौर में भाजपा के पास बहुमत की कमी तो थी नहीं और उसने अनेक विधेयक बगैर चर्चा या सर्वसम्मति की परवाह किये बिना ही पारित कर कानून बनाये हैं, तो इसे तत्काल पारित करने में कहां दिक्कत थी- यह भी स्पष्ट होना चाहिये।


डॉ. दीपक पाचपोर

> **संसद भवन देश का है और उसी के पैसों से बना है। फिर, यह ऐसे समय पर बनना शुरू हुआ था तब पूरी दुनिया के साथ भारत के लोग कोरोना की दो-दो लहरों के प्रकोप को भुगत रहे थे। जब लोगों को ऑक्सीजन संयंत्रों, एंबुलेंसों, अस्पताल में विशेष बिस्तरों, दवाओं की आवश्यकता थी तब देश का प्रधान सेवक नयी बिल्डिंग बनवाने में व्यस्त था तथा राजकोष का खर्च इस अब भी गैर जरूरी भवन पर कर रहा था।**

यह विधेयक पिछले करीब चार दशकों से दिन के उजाले का इंतज़ार कर रहा था। उसके कुछ प्रावधानों को लेकर अनेक दलों की आपत्तियां थीं। मुख्य आपत्ति समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय जनता दल की थी जिनकी मांग थी कि जिस प्रकार इस विधेयक में आरक्षण के भीतर उप आरक्षण के रूप में अनुसूचित जाति एवं जनजातियों के लिये प्रावधान हैं, वैसे ही अन्य पिछड़ा वर्ग के लिये भी प्रावधान हों। भाजपा इन दिनों जातिगत गणना के मुद्दे पर घिरी हुई है क्योंकि कांग्रेस समेत अनेक विपक्षी पार्टियां इसके हक में हैं और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तो नारा ही दिया है कि 'जिसकी जितनी आबादी उसकी उतनी भागीदारी।' अगर भाजपा सरकार इस विधेयक में उस विसंगति को ठीक कर देती तो यह विपक्ष की जीत मानी जायेगी तथा उसे ओबीसी की अधिक भागीदारी का सिद्धांत मानना होगा। फिर तो जातीय जनगणना भी कराने की मांग जोरदार ढंग से उठेगी। तो भी उम्मीद थी वे विसंगतियां दूर होतीं और विधायिकाओं में प्रतिनिधित्व के बढ़े हुए हक की बाट जोहती देश की आधी आबादी को विधायिकाओं में बड़ी हिस्सेदारी मिल सकती। महिलाओं समेत सभी समतावादियों को मोदी ने निराश किया है। यह भी एक तरह से झुनझुना साबित हो गया है।

ये सारी कवायदें बताती हैं कि मोदी के सामने 2024 का लोकसभा चुनाव जीतना एक बड़ी चुनौती है। वह ऐसे और कठिन होता जायेगा क्योंकि इस साल के अंत में होने वाले 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव (छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना एवं मिजोरम) भी जीतना भाजपा के लिये कठिन माना जा रहा है। अब तो मुकाबले में मजबूत विपक्षी गठबन्धन इंडिया भी है। प्रशासक के रूप में पूर्णत: नाकाम और हर मोर्चे पर सुपर फ्लॉप साबित हो चुके प्रधानमंत्री के पास ऐसे आयोजनों के जरिये अपनी छवि चमकाने के अलावा और कोई उपाय नहीं हैं। 9-10 सितम्बर को भारत में हुए जी-20 के सम्मेलन की अध्यक्षता करने का अवसर एक तयशुदा रोटेशन व प्रक्रिया के तहत देश को मिला था। इसे यूं प्रचारित किया गया मानों वह मोदी की लोकप्रियता के बल पर हासिल किया गया पद हो।

श्री मोदी के लिये पहले तो अपनी पीएम की उम्मीदवारी को ही बचाने और फिर भाजपा को तीसरी बार सत्ता में लाने के कठिन टास्क हैं। ऐसे में छोटे-मोटे इवेंट काम नहीं आने वाले। इसलिये जी-20 का इस्तेमाल उन्होंने अपनी छवि चमकाने के लिये तूफानी अंदाज़ में किया। दिल्ली में उनके पोस्टर छाये हुए थे तथा उनके आर्थिक मॉडल के दुष्परिणामों को हरे पर्दों से ढंक दिया गया था ताकि विदेशी मेहमान गुजरात मॉडल के ढोल की पोल को न जानें। उसी श्रृंखला में संसद के स्थानांतरण को भी देखा जाना चाहिये। पुराने भवन से नये में जाने के कार्यक्रम को ऐसा डिज़ाइन किया गया था जिससे मोदी की गिरती छवि को टेका मिले। अंतिम समारोह में सत्ता से जुड़े जिन लोगों के भाषण हुए, उन्होंने ख्याल रखा था कि सारा श्रेय मोदी को जाये तथा उनके नेतृत्व की प्रशंसा हो। प्रोटोकॉल के अनुसार समारोह के सर्वोच्च अतिथि उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ तक यह कहकर प्रधानमंत्री को खुश करते नज़र आये कि श्री मोदी के कहने के बाद उन्हें दिक्कत आती है कि अब क्या कहा जाये। नये संसद भवन में इसी तरह से काफी कुछ देखने को मिलेगा क्योंकि मोदी एवं उनकी सरकार पुराने भवन में बनी संसदीय परम्पराओं, मर्यादाओं, आदर्शों और नैतिकता का बोझ उतारकर नये पते पर बिंदास तरीके से रहने जा रही है।

**(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं।)**

# कांग्रेस नेतृत्व 2024 में इंडिया बैनर तले भाजपा से मुकाबले को लेकर आश्वस्त

■ कल्याणी शंकर

हैदराबाद में पिछले सप्ताहांत कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक के बाद कांग्रेस नेता उत्साहित हैं। वे अब चुनाव में उतरने के लिए तैयार हैं। पार्टी की सर्वोच्च नीति-निर्धारक संस्था सी.डब्ल्यू.सी. ने कई विवादास्पद और संवेदनशील विषयों पर विचार किया और एकजुटता से अपने भविष्य की योजना बनाई।

मल्लिकार्जुन खड़गे के पार्टी अध्यक्ष बनने के बाद यह पहली बैठक थी। सम्मेलन में सोनिया, राहुल और प्रियंका के शामिल होने से गांधी परिवार की मजबूत उपस्थिति रही। इंडिया विपक्षी गठबंधन की तीन सार्थक बैठकों के बाद कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्यों ने राहुल गांधी के नेतृत्व और उनके भारत जोड़ो यात्रा को और आगे बढ़ाने के इरादे का समर्थन किया। माहौल आश्वासन भरा था और उसमें सकारात्मकता का भाव था।

विभाजित-तेलंगाना की राजधानी के रूप में हैदराबाद का चयन महत्वपूर्ण है क्योंकि तीन महीने में वहां राज्य विधानसभा चुनाव होने हैं। 2014 के बाद से कांग्रेस दोनों राज्य-आंध्र प्रदेश और तेलंगाना हार गई है।

राजनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा स्थितियों पर विचार करने के बाद, सी.डब्ल्यू.सी. ने जोरदार ढंग से घोषणा की कि वह आगामी विधानसभा चुनावों और 2024 लोकसभा के लिए पूरी तरह से तैयार है। कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन के समर्थन से खुद को भाजपा के विकल्प के तौर पर पेश किया।

> **कांग्रेस सतर्क है और यह कहकर विवादास्पद विषयों से बच रही है कि वह सर्व धर्म समभाव के सिद्धांत में विश्वास करती है। गौरतलब है कि हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने मध्य प्रदेश में एक सार्वजनिक रैली में इंडिया गठबंधन पर आरोप लगाया था कि वह सनातन धर्म और संस्कृति को खत्म करने की कोशिश करने और इसे 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए एक राजनीतिक एजेंडा बनाने का गुट।**

कांग्रेस नेता इंडिया गठबंधन को लेकर आशावादी हैं। देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस इंडिया गठबंधन में प्राथमिक भूमिका निभाना चाहती है और उसने सभी मोर्चों पर, खासकर मणिपुर और कश्मीर में मोदी सरकार की विफलता की आलोचना की।

14 प्रस्तावों में से एक में कहा गया है, 'सी.डब्ल्यू.सी. इंडिया गठबंधन की पहल को वैचारिक और चुनावी सफलता बनाने के लिए कांग्रेस पार्टी के संकल्प को दोहराती है ताकि हमारा देश विभाजनकारी और ध्रुवीकरण की राजनीति से मुक्त हो, सामाजिक समानता और न्याय की ताकतें मजबूत हों, और लोग एक ऐसी केंद्र सरकार प्राप्त करें जो जिम्मेदार, उत्तरदायी, संवेदनशील, पारदर्शी और जवाबदेह हो।' संक्षेप में, यही चुनाव अभियान का जोर होगा।

यह संदेश अपने गठबंधन सहयोगियों के प्रति पार्टी की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि के रूप में कार्य करता है। खिलाड़ियों के बीच अंतर्निहित विरोधाभासों के कारण इसे लेकर संदेह बना हुआ है।

पार्टी ने तेलंगाना, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और मिजोरम में आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए रणनीति बनाई। इसमें चुनौतियों पर ध्यान दिया गया जिसमें गठबंधन बनाने और इंडिया गठबंधन के कुछ सदस्यों के साथ सीटों के समायोजन पर केंद्रीय नेतृत्व और विशिष्ट राज्य इकाइयों के बीच अलग-अलग विचार शामिल हैं।

आंतरिक आकलन के अनुसार, पार्टी को पंजाब, दिल्ली और पश्चिम बंगाल में अपने भीतर से परेशानी की आशंका है। पंजाब और दिल्ली में पार्टी नेता प्रतिद्वंद्वी आम आदमी पार्टी का समर्थन नहीं करते हैं। पश्चिम बंगाल में राज्य नेतृत्व का सीधा मुकाबला तृणमूल कांग्रेस से है। राजस्थान में कांग्रेस और भाजपा सत्ता के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

आंतरिक सर्वेक्षणों के अनुसार कांग्रेस पार्टी को छत्तीसगढ़ में थोड़ा फायदा हो रहा है और मध्य प्रदेश में उसकी मजबूत स्थिति है। पार्टी के अंदरूनी सूत्र यह भी बता रहे हैं कि तेलंगाना में कांग्रेस की पकड़ मजबूत हो रही है। पार्टी ने 17 सितंबर को हैदराबाद दिवस मनाने के लिए दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया था जो 1948 में शहर के भारत में शामिल होने का प्रतीक दिवस है।

संसद में विधायी कार्य के बारे में संकल्प मुख्य रूप से संविधान की समीक्षा के प्रस्तावों को अस्वीकार करने पर केंद्रित थे। पार्टी ने एक तिहाई महिला आरक्षण विधेयक और एस.सी., एस.टी. और ओ.बी.सी. के लिए आरक्षण सीमा बढ़ाने की मांग की। इन उपायों का उद्देश्य विभिन्न मतदाता समूहों का दिल जीतना है।

सी.डब्ल्यू.सी. ने मुख्य चुनाव आयुक्त और दो चुनाव आयुक्तों के वेतन, भत्ते और सेवा शर्तों में संशोधन के लिए प्रस्तावित विधेयक का भी विरोध करने का निर्णय किया। उनका तर्क था कि यह विधेयक चुनाव आयोग की स्वतंत्रता को नुकसान पहुंचा सकता है।

सी.डब्ल्यू.सी. ने भाजपा के 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के प्रस्ताव को असंवैधानिक बताते हुए इसका विरोध किया है। फिर भी, मोदी सरकार ने लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, नगर पालिकाओं और पंचायतों के लिए सह-अस्तित्व चुनाव कराने की व्यवहार्यता का पता लगाने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में एक समिति की स्थापना की है।

एक प्रस्ताव में भाजपा की हृदयहीनता की आलोचना की गई। जम्मू-कश्मीर में संकट के दौरान मोदी की जी-20 उपलब्धियों का जश्न मनाने की निंदा की गई और इसे घाटी में सुरक्षा कर्मियों के बलिदान का अनादर कहा गया।

कांग्रेस सतर्क है और यह कहकर विवादास्पद विषयों से बच रही है कि वह सर्व धर्म समभाव के सिद्धांत में विश्वास करती है। गौरतलब है कि हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने मध्य प्रदेश में एक सार्वजनिक रैली में इंडिया गठबंधन पर आरोप लगाया था कि वह सनातन धर्म और संस्कृति को खत्म करने की कोशिश करने और इसे 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए एक राजनीतिक एजेंडा बनाने का गुट।

सी.डब्ल्यू.सी. के बाद सार्वजनिक रैली में, सोनिया गांधी ने आगामी तेलंगाना चुनावों के लिए छह वायदे किये, जो इस प्रकार हैं: 1. महिलाओं को 2,500 की मासिक राशि प्राप्त होगी, 2. किसानों और बटाईदार किसानों को वार्षिक 15,000 की राशि दी जायेगी, 3. जिसे गृह ऋण चाहिए उसे दिया जायेगा, 4.बेघरों को घर के लिए जगह और 5 लाख की राशि मिलेगी, 5. युवाओं को विकास में सहायता के लिए कार्यक्रम लाये जायेंगे और 6. सभी जरूरतमंद नागरिकों को चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जायेगी। इन लाभों का उद्देश्य मतदाताओं को मुफ्त सुविधाओं से आकर्षित करना था।

हालांकि, कांग्रेस ने अभी तक अपनी नयी कहानी का खुलासा नहीं किया है, जबकि यह स्पष्ट है कि विचारधारा केंद्रीय मुद्दा है। कांग्रेस को अपनी स्थिति सुधारने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। पार्टी की सफलता सीट साझाकरण, उम्मीदवार चयन, गठबंधन, संसाधन और कार्यकर्ता समर्थन सहित कई कारकों पर निर्भर करेगी। लेकिन नि:संदेह कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा है।

## पावन प्रसंग

# श्रेष्ठता के लिए करें स्वयं को होम

मित्रो! श्रेष्ठता के लिए आदर्शवादिता के लिए अपने आप को होम कर देना, अपने आप को खतम कर देना, उसी के लिए संभव है, जिसके मन में से बेहिसाब करुणा टपकती हो, जहां कहीं भी हम देखते हैं, हमको करुणा ही दिखाई पड़ती है, जो आदमी की उन्नति के पथ पर आगे बढ़ाती चली जाती है। जितने भी अच्छे श्रेष्ठ आदमियों को हम देखते हैं, वे सब करुणा से भरे हुए हैं। जापान में कागाबा को गांधी कहते हैं, जैसे कि हिंदुस्तान के गांधी थे। कागाबा कौन है? बेटे कागाबा उस आदमी का नाम है जिसने एम.ए. की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद में यह निश्चय किया कि अपनी बची हुई जिंदगी को दुखियारों के लिए खर्च करूंगा। जिन मुहल्लों में पीड़ित लोग रहते थे, शराबी, बीमार, कोढ़ी लोग रहते थे, उसी जगह उन्होंने अपनी झोपड़ी डाल ली और जिंदगी भर दरिद्रनारायण की सेवा में समर्पित हो गए। पचास रुपए में अपना गुजारा करने वाले जापान के गांधी कागाबा सारे के सारे दुखियारों की, दीनों की, पीड़ितों-पतितों की सेवा करने में लगे रहे। जापान की गवर्नमेंट ने, जनता ने उन्हें भरपूर सहायता दी।

मित्रो, भगवान की सहायता किसको मिली? जिनके पास कलेजा और हृदय है। आपके पास हृदय है कहां? जरा अपनी छाती पर हाथ रखकर देखें। अक्ल तो है, पर कितनी बड़ी है? जालिम अक्ल, बेईमान, अक्ल, दुष्ट अक्ल, पापी अक्ल, पतित अक्ल, और कमीनी अक्ल हमारे ऊपर के हिसाब रूप से हावी हो गई और हमको न जाने क्या से क्या कराती है, न जाने कितने तरह के जाल बुनने को हमें मजबूर करती है और न जाने कहां-कहां हमको भटकाती और ले जाती है। बेटे यह अक्ल एक कोने पर लेकिन जहां तक आध्यात्मिक जीवन का संबंध है, जहां तक भगवान को भक्ति का संबंध है, जहां तक मनुष्य की श्रेष्ठता और शालीनता का संबंध है, जहां तक भगवान की भक्ति का संबंध है, जहां तक मनुष्य की श्रेष्ठता और शालीनता का संबंध है, ये सारी की सारी बातें हृदय से ताल्लुक रखती हैं। ये आदमी की उदारता से ताल्लुक रखती है। ये आदमी की श्रद्धा से ताल्लुक रखती है भक्ति से ताल्लुक रखती है। जो आदमी कोमल हृदय वे होगा, वह अकेले खा नहीं सकता, जमा नहीं कर सकता, अमीर नहीं बन सकता, क्योंकि उसके सामने हजारों हाथ पीड़ितों के चारों ओर फैले दिखाई पड़ेंगे। वह खा नहीं सकता। ईश्वचंद्र विद्यासागर ने देखा कि अमीरी और गरीबी और पिछड़ापन समाज में अभी भी विद्यमान है, जो हमारे समय में था। हमारे पिता सुविधा नहीं जुटा पाए। हम किताबें मांग करके लाते और स्ट्रीट लाइट के नीचे खड़े होकर पढ़ते थे। यदि आज भी ऐसे विद्यार्थी हैं तो उनकी मुझे सहायता करनी चाहिए। उनके ईमान ने सोचा कि जो भगवान गरीबों के रूप में हजारों-हजार हाथों से आदमी से मांगता और पुकारता है, उसके लिए मुझे कुछ करना चाहिए।

मित्रो, अगर ईमान हमारे और आपके भीतर हो तब, उदार हृदय हमारे पास हो तब? पर हम तो हृदयहीन हैं। हृदय कहीं से धड़कता तो है, यह लोहार की धौंकनी के तरीके से है। इसमें करुणा का नाम भी नहीं। दया, उदारता का नाम भी नहीं है। इसमें तो महत्वाकांक्षाएं, लालसाएं और लिप्साएं इतनी ज्यादा जमा हो गई हैं कि यहां आकर के भगवान क्या करेगा? यहां आकर के देवी क्या करेगी? यहां आकर केआध्यात्मिकता क्या करेगी? ईश्वरचंद्र विद्यासागर को पांच सौ रुपए तनख्वाह मिलती थी। उन्होंने अपने घरवालों से कहा कि आप लोगों को पचास रुपए महीने में ही गुजारा करना पड़ेगा। आपके ऊपर ज्यादा खर्च नहीं किया जा सकता। चार सौ पचास रुपए महीने के बारे में उन्होंने यह व्यवस्था बनाई कि जो विद्यार्थी यह अनुभव करते हों कि हमारे पास किताबें, पेंसिल, मिट्टी के तेल, फीस आदि की कमी है या दूसरी चीजों की कमी है तो वे हमारे घर से ले जाया करें। सब बच्चे आते और अपनी जरूरत की चीजें ले जाते। मित्रो, उस जमाने में भले ईमानदार आदमी रहे होंगे, लेकिन आजकल जैसे बेईमान और चालाक कम है? आज तो फीस कम करवाने धनवानों के बच्चे अपने रिश्तेदारों के नाम पर फीस माफ करवा लेते हैं और जो वास्तव में जरूरतमंद हैं, वे गरीब रह जाते हैं। आज सब बंटाधार होता चला जा रहा है किसी जमाने में लेने वालों में भी शराफत थी और देने वालों में भी शराफत थी। केवल वे ही विद्यार्थी पाते थे, जो पाने के हकदार होते थे। चार सौ पचास रुपए में हजारों विद्यार्थी लाभ उठाते। कोई पेंसिल, कोई मिट्टी का तेल, कोई कापी, कोई फीस मांग ले जाते। चार सौ पचास रुपए में सैकड़ों हजारों बच्चे को पढ़ते देख विद्यासागर निहाल होते थे।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# बाजार से निराश किसान का आक्रोश आंदोलन में बदला

भारतीय किसान यूनियन प्रवक्ता राकेश टिकैत ने किसानों के साथ न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गारंटी कानून की मांग को लेकर एक बार फिर सड़क पर उतर चुके है। लखनऊ में इको गार्डन में आयोजित किसान मजदूर अधिकार महापंचायत को संबोधित करते हुए एमएसपी पर गारंटी ,दस साल के लिए डीजल ट्रैंकर पर लगी रोक हटाने और गन्ना मूल्य बढ़ाने जैसे तमाम मुद्दे उठाकर सरकार से मांग की है। आजादी के बाद सत्तर के दशक में हरित क्रांति की कामयाबी के साथ किसानों ने फसल की उपज बढ़ाई तो अतिरिक्त पैदावार से उनकी आय का स्त्रोत मजबूत होता गया। लेकिन आठवे दशक के आते-आते फसलों की लागत और कीमतों का अंतर कम होने लगा। इसमें लाचार किसान एमएसपी में बढ़ोतरी के लिए आंदोलन करने लगा। इस दौर में पश्चिमी उत्तरप्रदेश, पंजाब और हरियाणा में भारतीय किसान यूनियन को सबसे मजबूत किसान आंदोलन के रूप में देखा जाता था। असल मे कांग्रेस के समय भाकियू का उदय भी कुछ ऐसे समय मे हुआ था। जिन हालात में कुछ दिन पूर्व में राकेश टिकैत ने पिछले साल किया था। किसानों की अहमियत नौवे दशक के मध्य तक बरकरार रही। लेकिन आर्थिक आंदोलन लागू होने के बाद किसान आंदोलन की कमजोर नहीं हुए,कोई बड़ा किसान आंदोलन ही नहीं हुआ। वही देश में कुकरमुत्तों की तरह उग आए नए संगठन किसानों के मुद्दे को दखल करना शुरु कर दिया। हालांकि किसानों के लिए बेहतर समय आया है। किसानों की आय बढ़ी है। आर्टिकल्चर उत्पादन निर्यात और वैश्विक स्तर पर कृषि उपज के दाम बढ़ने से देश के किसानों की आय बढ़ी है। कांग्रेस और प्रादेशिक सरकारों की नीतियों से किसानों की आत्महत्या की खबरें ही आती गई। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के अनुसार 1995 से 2015 तक करीब तीन लाख 40 हजार किसानों ने खुदकुशी की थी। उसके बाद अब खुदकुशी नहीं करते हैं। सरकार हर समय अन्नदाता किसानों के लिए कदम कदम पर मदद के लिए तैयार है।उस दौर में 12 हजार किसान आत्महत्या कर रहे थे।अब समय बदला है किसान नए सिरे से अपने हक के लिए खड़ा हो गया है। प्रधानमंत्री का नारा ही नहीं कि देश बदल चुका है इसलिए किसान भी अपने दीनहीन और कमजोर छवि बदलने की और चल पड़ा। किसान क्रांति ने किसान सरकार से सब कुछ मनवा दिया है। कर्ज माफी की घोषणा से किसानों की आत्महत्या बन्द हुई है। जिस तरह किसान सड़कों पर आ रहे हैं। सरकार को कुछ बड़े कदम उठाकर किसानों की मांग पर जरूर अमल करना चाहिए। किसान संगठनों को भी देखना होगा कि वह संकट के दीर्घकालिक हल के लिए काम कर रहे है या तत्कालीन हल के लिए। बेहतर नतीजों के लिए दूरदर्शिता जरूरी है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### गोरी बने ब्लॉक उपाध्यक्ष



**सिरोंज, देशबन्धु।** ऑल इण्डिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के अध्यक्ष डॉक्टर औसाफ शाहमीरी खुर्रम की अनुमति से आल इण्डिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष डॉक्टर वसीम ने नगर के युवा समाजसेवी शमीम खान उर्फ शब्बू गोरी को ऑल इण्डिया मुस्लिम त्योहार कमेटी का ब्लॉक उपाध्यक्ष नियुक्त किया है इनकी नियुक्ति पर इनके चाहने वालों ने शब्बू गोरी को मुबारकबाद दी है। डॉ. वसीम, इमरान खान, वाजिद कुरैशी, निजाम खान, डॉक्टर सोहेल, वाहिद गोरी, वाजिद मैकेनिक, अन्य लोग मौजूद रहे।

### बैठक में कलेक्टर ने की सीएम हेल्पलाईन क कार्यों की समीक्षा

**रायसेन, देशबन्धु।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा समय सीमा वाले शासकीय पत्रों, सीएम हेल्पलाईन तथा शासकीय गतिविधियों और योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। उन्होंने विभागवार सीएम हेल्पलाईन में लंबित शिकायतों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही आगामी विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों की भी जानकारी लेते हुए दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कृषि, राजस्व, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित अन्य विभागों की गतिविधियों की भी समीक्षा की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर अभिषेक दुबे सहित अनेक विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम के अंतर्गत कार्यशाला आयोजित

**रायसेन, देशबन्धु।** कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 अंतर्गत कलेक्टर अरविंद दुबे की अध्यक्षता में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। कलेक्टर दुबे द्वारा कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 पर चर्चा करते हुए सभी विभागों, शासकीय-अशासकीय कार्यालयों एवं विभिन्न संस्थाओं में अधिनियम के तहत नियमानुसार आंतरित परिवाद समिति का अनिवार्य रूप से गठन किए जाने के संबंध में निर्देश दिए गए। कार्यशाला में महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी दीपक संकत तथा सहायक संचालक संजय गहरवाल द्वारा कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि अधिनियम अंतर्गत समिति का गठन नहीं किए जाने पर 50 हजार रू तक जर्माने का प्रावधान है।

### 1104 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायसेन, देशबन्धु।** जिले में 01 जून 2023 से 18 सितम्बर 2023 तक 1104 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है जो कि गत वर्ष इसी अवधि में हुई औसत वर्षा से 434.6 मिलीमीटर कम है। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1197.1 मिलीमीटर है।

# मुख्यमंत्री ने जन आशीर्वाद यात्रा में दी सौ करोड़ के रिंग रोड की स्वीकृति



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मंगलवार को हेलीकॉप्टर से गंजबासौदा पहुंचे। हेलीपैड से उनका रोड शो शुरू हुआ जो भर रोड जय स्तंभ होकर सभा स्थल पहुंचा। जगह-जगह गुलाब की पंखुड़ियों की बौछार से मुख्यमंत्री चौहान काभव्य स्वागत हुआ। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा रथ पर सवार होकर जनदर्शन कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने एवं उन्हें देखने के लिए हजारों की संख्या में जन सैलाब उमड़ पड़ा। नेहरू चौक पहुच कर मुख्यमंत्री चौहान ने यहां पर सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि उन्होंने प्रदेश की एक करोड़ 32 लाख लाड़ली बहनों को लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ दिया है। समय-समय पर इसकी राशि भी बढ़ाई जाएगी। विपक्षी दल द्वारा लगातार सनातन के अपमान पर सीएम चौहान ने कहा कि सनातन का अपमान करने वालों को जनता सबक सिखाएगी। सभा को संबोधित करते हुए गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने भी सनातन विरोधियों को धूल चटाने का आह्वान जनता से किया। जनदर्शन कार्यक्रम में पधारे मुख्यमंत्री चौहान ने मंच सेआध्यात्मिक चेतन को समर्पित पत्रक का विमोचन भी किया यह पत्रक प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के सह प्रभारी राजेश तिवारी द्वारा तैयार किया गया था। कार्यक्रम के दौरान मंच से तिवारी ने इस आलोकित पत्र का विमोचन स्वयं मुख्यमंत्री चौहान से कराया अब यह पत्रक संपूर्ण प्रदेश में सभी विधानसभा में वितरित किया जाएगा।

जनदर्शन यात्रा के प्रारंभ से लेकर समापन तक विभिन्न सामाजिक, शासकीय संगठनों समेत आमजनों तथा लाड़ली बहनों ने स्टाल लगाकर मुख्यमंत्री स्वागत किया। मुख्यमंत्री चौहान ने लाड़ली बहनाओं का रथ पर से ही दोनों हाथ जोड़कर अभिवादन किया। इसके साथ ही लाड़ली लक्ष्मी बालिकाओं ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद किया। मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के बेनर तले महिलाओं द्वारा मुख्यमंत्री द्वारा सीएलएफ अंतर्गत स्कूटी प्रदाय करने के लिए आभार माना। इसके साथ ही स्कूली विद्यार्थियों ने भी मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री स्कूली विद्यार्थियों से आत्मीयता से मिले। जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ, बासौदा क्रेशर गिट्टी एशोसिएशन, बडकुल परिवार, अतिथि शिक्षक संघ, अतिथि विद्वान, श्री विश्वकर्मा महापंचायत संगठन, बासौदा व्यापार महासंघ, प्रायवेट स्कूल एसोशिएशन संघ, सेन समाज के द्वारा स्वागत किया गया। इसके अलावा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बासौदा की छात्राओं लेपटाप और ई-स्कूटी योजना के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान रथ पर सवार होकर आम जनों का अभिवादन स्वीकार कर रहे थे इस दौरान रथ के आगे की ओर ग्रामीण परंपरा अनुसार लोक नृत्य कलाकारों द्वारा दिया जा रहा था जिसमें ढपली की थाप पर दिल-दिल-घोड़ी एवं अन्य साथी कलाकार थिरक रहे थे। ग्रामीण परंपरा का उपरोक्त लोक नृत्य सागर जिले के बांदरी के मां शारदा ढपला रमतूला पार्टी के कलाकारों के द्वारा प्रस्तुत किया गया है।जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान स्थानीय विधायक लीना जैन कुरवाई विधायक हरिसिंह पूर्व विधायक हरि सिंह रघुवंशी भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश जादौन नगर पालिका अध्यक्ष शशि यादव पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मधुलिका अग्रवाल समेत अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# सांची में आज प्रवेश करेगी जन आशीर्वाद यात्रा, मुख्यमंत्री सहित कई नेता आएंगे



**रायसेन, देशबन्धु।** भाजपा द्वारा निकाली जा रही मुख्यमंत्री जन आशीर्वाद यात्रा रायसेन जिले के सांची पर्यटन स्थल पर 20 सितंबर को सुबह 1 बजे प्रवेश करेगी। उक्त आशय की जानकार जिला भाजपा कार्यालय में पत्रकारवार्ता के दौरान प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता ब्रज गोपाल लोया एवं जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि जन आशीर्वाद यात्रा में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, मध्य प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा एवं भूपेंद्र सिंह यादव सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर प्रभुराम चौधरी एवं मध्य प्रदेश अंत्योदय समिति के अध्यक्ष सिलवानी विधायक रामपाल सिंह द्वारा मुख्यमंत्री जन आशीर्वाद यात्रा के बारे में विस्तार से बताया गया। सांची में जन आशीर्वाद यात्रा का स्वागत कार्यक्रम बस स्टैंड पर किया जाएगा। इसके अलावा जन आशीर्वाद यात्रा का सलामतपुर चौराहा पर स्वागत कार्यक्रम होगा इससे आगे चलकर सांची मार्ग स्थित मेढ़की, पगनेश्वर में स्वागत होगा इसके पश्चात जन आशीर्वाद यात्रा 11:30 बजे के लगभग जिला मुख्यालय रायसेन आएगी जहां विशाल जनसभा का आयोजन रखा गया है जो की महामाया चौक पर संपन्न होगा। इसके पश्चात जन आशीर्वाद यात्रा ग्राम पठारी, नकतरा, खंडेरा, नरवर, सिरसौदा, देवनगर, गैरतगंज पहुंचेगी जहां बस स्टैंड पर आम सभा का आयोजन रखा गया है। इसके पश्चात जन आशीर्वाद यात्रा डांडिया, पलोहा बर्री कला, होते हुए बेगमगंज में प्रवेश करेगी जहां आम सभा का आयोजन रखा गया है रात्रि विश्राम जन आशीर्वाद यात्रा बेगमगंज में ही करेगी। इसके पश्चात 21 सितंबर को जन आशीर्वाद यात्रा हप्सिली तिराहा, पड़ाझीर, तुलसीपार, मोकदपुर,घोगरी तिराहा, सुलतान गंज, सियर मऊ, सुल्तानपुर जोड़, ककरुआ जोड़, सिलवानी, साई खेड़ा, बम्होरी, बटेरा, खरगोन, भोड़िया, होते हुए बरेली पहुंचेगी जहां हॉकी ग्राउंड पर जनसभा का आयोजन रखा गया है। इसके पश्चात जन आशीर्वाद यात्रा बरैली में प्रवेश करेगी जहां आमसभा का आयोजन रखा गया है। जन आशीर्वाद यात्रा का विधिवत समापन 21 सितंबर को बाड़ी में होगा जहां विशाल आम सभा का आयोजन रखा गया है।

# गणेशोत्सव शुरू, कई स्थानों पर विराजी आकर्षक प्रतिमाएं




**रायसेन, देशबन्धु।** आकर्षक कई रुपों वाली गणेश प्रतिमाओं की जगह-जगह स्थापना के साथ ही दस दिवसीय गणेशोत्सव की शुरुआत हो गई है। जिला मुख्यालय सहित जिले भर कई दिनों से इसके लिए तैयारियां चल रही थी।

शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी श्री गणेश उत्सव को लेकर भारी उत्साह का वातावरण देखने में आ रहा है। दस दिवसीय श्री गणेश उत्सव के दौरान इस बार मूर्तिकारों द्वारा भगवान श्री गणेश की आकर्षक विभिन्न मुद्राओं में प्रतिमा तैयार की गई है कहीं भगवान श्री गणेश चूहे पर सवार हैं तो कहीं कमल के फूल पर तो कहीं रिद्धि सिद्धि के साथ तो कहीं भगवान शंकर और पार्वती के साथ दिखाई दे रहे हैं। इसके अलावा भी भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं को कलाकारों द्वारा बहुत ही सुंदर ढंग से सजाया जा रहा है कहीं-कहीं भगवान श्री गणेश की प्रतिमाएं झूला झूलते हुए बनाई गई हैं।

# श्रमदान दल ने अलग-अलग स्थानों पर लगाए पौधे



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** नदी जल स्वच्छता व संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन तथा जन जागरूकता के उद्देश्य से निरंतर कार्यरत श्रमदान दल द्वारा मंगलवार को पौधरोपण अभियान के चौदहवें चरण के अंतर्गत ग्राम बीलाढाना में तीन अलग अलग स्थानों पर पौधा रोपण किया गया। सर्वप्रथम श्रमदान दल के सदस्यों ने शासकीय हाई स्कूल में पौधे लगाए इसके बाद एकीकृत माध्यमिक शाला में पौधे लगाए तदपश्चात श्रमदान दल द्वारा ग्राम बीलाढाना में ही स्थित भैरो बाबा मंदिर प्रांगण ने स्थित बगीचे में पौधा रोपण किया। इस तरह मंगलवार को श्रमदान के सदस्यों ने तीन स्थानों पर तेरह प्रजाति के सोलह पौधे रोपित किए। खास बात यह भी है कि भैरो बाबा मंदिर प्रांगण में लगभग 250 वर्ष पुराना बरगद का वृक्ष एवंलगभग 40 वर्ष पुराना पीपल का वृक्ष भी है। इसी को ध्यान में रखकर दल द्वारा मंदिर प्रांगण में अशोक, आंवला एवम बेल के पौधे लगाए जिससे मंदिर प्रांगण में पंचवटी समूह भी पूर्ण हुआ। एक ओर विशेष बात यह भी हैं कि इन दिनों श्रमदान दल स्कूलों में विशेष पौधारोपण अभियान को संचालित कर रहा है जिसके अंतर्गत न केवल गंजबासोदा नगर अपितु नगर के चालीस किमी क्षेत्र के स्कूलों को अपने पौधारोपण अभियान में शामिल करने का लक्ष्य हैं साथ ही साथ दल के सदस्य स्कूल के छात्र छात्राओं को पौधे लगाने के फायदे, पौधों से होने वाले लाभ एवम वर्तमान परिवेश में पौधे लगाने की आवश्यकता के बारे में न केवल समझा रहे हैं बल्कि छात्र छात्राओं को प्रति वर्ष कम से कम एक पौधा लगाने एवम उसकी सुरक्षा करने की शपथ भी दिला रहे हैं। चौदहवें चरण के पौधारोपण अभियान में शासकीय हाई स्कूल से प्राचार्य रामकिशन कुशवाह, शैलेंद्र रघुवंशी, मेनिका विश्वकर्मा, साबिर खान, सुनील जैन, एकीकृत शाला से बालमुकुंद चौरसिया, पूर्व सरपंच मनोज श्रीवास्तव, एनएसएस छात्रा कु मुस्कान, शामिद खान, शाहबाज खान, वीर सिंह साहू, रवि साहू एवं श्रमदान दल से आकाश जैन ,दिनेश अग्रवाल,सूर्य प्रताप राजपूत,नितिन अग्रवाल,एवन सिंह विश्वकर्मा, दुष्यंत रघुवंशी, दीपक नामदेव , विशाल श्रीवास्तव, संस्कार,रामराज, नक्ष्य उपस्थित रहें।

# खेत में मिला ग्रामीण का शव, हत्या की आशंका



**सिरोंज, देशबन्धु।** ग्राम हिनोतिया के खेत में एक ग्रामीण का शव मिला है। मौके पर दीपनाखेड़ा पुलिस, एफएसएल टीम फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट टीम पहुंची और शव को पीएम के लिये भेजा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राजवीर सिंह उम्र 45 वर्ष मंगलवार की दोपहर को गांव से कुछ दूर सोयाबीन के खेत मे मृत मिले । उनकी लाश खेत में रस्सी से बंधी पड़ी थी। ग्राम चौकीदार की सूचना पर दीपनाखेड़ा का पुलिस बल मौके पर पहुंचा और लाश को सपुर्दगी में लेकर सिरोंज के शासकीय अस्पताल में पीएम के लिये भेजा गया है। मौके पर विदिशा से एफएसएल टीम व फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट भी पहुंचे और अपनी खोजबीन की। मृतक की पत्नी व साले लक्ष्मीनारायण यादव ने कहा कि घर मे भाइयों के बीच जमीन विवाद चल रहा था। पहले थाने में रिपार्ट भी हो चुकी है। इन्होंने इसी कारण से हत्या किये जाने की संभावना जताई है। दीपनखेड़ा के थाना प्रभारी अनुज प्रताप सिंह ने भी बताया कि मृतक राजबीर यादव का अपने भाइयों से रेंज की जमीन को लेकर विवाद चल रहा था, जिसकी पूर्व में थाने में रिपोर्ट दर्ज़ है। इसी आधार पर हत्या की शंका मृतक की पत्नी व साले ने व्यक्त की है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच प्रांरभ कर दी है। संदेहियों को थाने बुलाकर पूछताछ भी शुरू हो गई है।

# ईद मिलादुन्नबी के दिन शराब और नशे पर पाबंदी लगाने सौंपा ज्ञापन



**सिरोंज, देशबन्धु।** राष्ट्रीय पर्व ईद मिलाद उन नबी पर प्रदेश भर में शराब तथा सभी प्रकार के नशे की सामग्री की बिक्री पर पाबंदी लगाने के लिए आल इण्डिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष डॉक्टर वसीम के नेतृत्व में एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को दिया गया। राष्ट्रीय पर्व 28 सितंबर को श्रद्धापूर्वक हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। ज्ञापन देने वालो में ऑल इण्डिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष डॉक्टर वसीम , उपाध्यक्ष शब्बू गोरी, वाजिद कुरेशी, वसीम अख्तर इमरान, डॉक्टर सोहेल, निजाम खान, शेरू, समीर, वाहिद खान आदि उपस्थित रहे। अब 28 सितंबर को ईद मिलादुन्नबी पर्व मनाया जाएगा। इस दिन रात में 9 बजे शहर के मध्य स्थित जामा मस्जिद में मिलाद शरीफ का आयोजन होगा। 29 सितंबर की रात में पुराना बस स्टैंड पर ईद मिलादुन्नबी का जलसा होगा, जिसे भोपाल के ताजुल मस्जिद के उस्ताद मौलाना सैयद शराफत अली के साथ ही अन्य वक्ताओं द्वारा संबोधित किया जाएगा।

# गाजे-बाजे के साथ विराजी विघ्नहर्ता की प्रतिमाएं

▶ घर-घर विराजे श्रीगणेश, श्रद्धा भाव के साथ हुई पूजा-अर्चना



**मुरैना, देशबन्धु।** जिला मुख्यालय सहित सभी तहसीलों में भगवान श्री गणेश के भक्तों में अपार उत्साह एवं उमंग दिखाई दी तथा मंगलवार को गाजे बाजे के साथ विघ्नहर्ता की प्रतिमाएं जगह-जगह स्थापित की गई, वहीं घरों एवं प्रतिष्ठानों पर श्री गणेश की छोटी-छोटी मूर्तियां लाकर भक्तों द्वारा श्रद्धा भाव के साथ पूजा अर्चना की गई। मंगलवार को गणेश महोत्सव की शुरुआत मुख्यालय सहित तहसीलों में धूमधाम एवं उत्साह उमंग के साथ आरंभ हो गई। गणेश महोत्सव को लेकर युवाओं एवं बच्चों में अपार उत्साह देखा गया और युवाओं में एक से एक बेहतरीन गणेश प्रतिमाएं लाने की होड़ मच गई। सुबह से ही शहर की सडकों एवं मंदिरों पर लोडिंग गाडियों में भगवान गणेश की विशाल एवं आकर्षक प्रतिमाएं लाकर पूजा अर्चना के बाद उन्हें अपने-अपने स्थान पर विराजमान करने के लिए गाजे बाजे के साथ ले जाया गया। इसके बाद लगभग 10 दिन तक झांकियां सजाई जाएगी। पहले दिन विधि विधान से प्रथम पूज्य को स्थापित कर पूजा अर्चना की गई। सुबह से ही शहर की सडकों पर जगह-जगह गणेश प्रतिमाएं फूल माला, भोग के लिए लड्डू एवं अन्य सामग्री खरीदने वाले भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। मंगलवार को पूरे दिन शहर में ढोल नगाड़े एवं गणपति बप्पा के जयकारे का शोर सुनाई दिया और इसके साथ ही अब 10 दिन तक गणेश उत्सव की धूम शहर व जिले में रहेगी। गणेश महोत्सव को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के प्रबंध हेतु पुलिस अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जा रही है, जिससे कि कोई भी अप्रिय घटना घटित न हो।

# एक पैसेंजर समेत 4 एक्सप्रेस ट्रेनें 28 तक निरस्त

▶ झांसी रेलवे स्टेशन पर चल रहा काम, यात्रियों को होगी भारी असुविधा




**मुरैना, देशबन्धु।** झांसी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर चार पर निर्माण होने की वजह से झांसी रेलवे मंडल ने चार ट्रेन को निरस्त किया है। इनमें एक पैसेंजर एवं तीन एक्सप्रेस गाडयिां शामिल हैं। चार गाडियां 28 सितंबर तक निरस्त रहेंगी। एक्सप्रेस एवं पैसेंजर गाड़ी के निरस्त होने से ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को असुविधा रहेगी। निरस्त की गई चारों गाडियों का धौलपुर रेलवे स्टेशन पर ठहराव था। इस वजह से स्थानीय यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ेगा।

रेलवे प्रबंधक आरपी मीणा ने बताया झांसी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर चार पर निर्माण कराया जा रहा है। प्लेटफार्म चार की 600 मीटर की लंबाई की जा रही है। इसके साथ यात्रियों को सुविधा मुहैया कराने के लिए ट्रेनों में पानी भरने की भी व्यवस्था प्लेटफार्म पर की जा रही है। नवीन निर्माण एवं मेंटेनेंस को लेकर झांसी रेलवे मंडल ने रेलवे बोर्ड से अप्रूवल लेकर ट्रेन झांसी आगरा पैसेंजर अप डाउन, महाकौशल एक्सप्रेस अप डाउन, श्रीधाम एक्सप्रेस अप डाउन एवं इंटरसिटी एक्सप्रेस अप डाउन को 28 सितंबर 2023 तक निरस्त कर दिया है। निर्माण काम पूरा होने के बाद निरस्त की गई सभी ट्रेन की सेवा 28 सितंबर के बाद बहाल की जाएगी। उन्होंने बताया धौलपुर रेलवे स्टेशन के आसपास भी तीसरी लाइन का काम निर्माणाधीन है। चंबल नदी पर बन रहा रेलवे ब्रिज भी बनकर लगभग तैयार हो चुका है। तीसरी रेलवे लाइन का निर्माण होने से ट्रेन संचालन में भारी राहत मिलेगी।

**निरस्त की गई चारों रेल गाडियों का मुरैना होता था ठहरावः** झांसी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर चार पर चल रहे निर्माण की वजह से निरस्त की गई पैसेंजर एवं महाकौशल, श्रीधाम, इंटरसिटी एक्सप्रेस के निरस्त होने से मुरैना व धौलपुर जिले के यात्रियों को भारी सुविधा रहेगी। निरस्त की गई चारों ट्रेन का धौलपुर रेलवे स्टेशन पर ठहराव होता था। ग्वालियर, दतिया, झांसी, चित्रकूट, महोबा, कटनी, जबलपुर, सतना सागर की तरफ एवं आगरा मथुरा बल्लभगढ़ फरीदाबाद दिल्ली जाने वाले यात्रियों को असुविधा रहेगी। रेलवे स्टेशन पर टिकट लेने पहुंच रहे यात्रियों को निराशा हाथ लग रही है।

### मगरमच्छ से गांव में हडक़ंप

**मुरैना, देशबन्धु।** जिले के चिन्नानी थाना क्षेत्र के गुनापुरा गांव की नहर में मंगलवार की सुबह एक मगरमच्छ के आने से हडक़ंप मच गया और ग्रामीण भयभीत हो गए। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी तथा पुलिस द्वारा वन विभाग की टीम को बुलाकर मगर को पकड़वाया गया। ग्रामीणों के मुताबिक मंगलवार की सुबह कुछ लोगों ने देखा कि एक मगरमच्छ गांव की नहर के किनारे घूम रहा है। मगरमच्छ के आने की जानकारी मिलते ही गांव में हडक़ंप मच गया और भयभीत लोग घरों में घुस गए। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना पर से पुलिस ने वन विभाग की टीम को मौके पर बुलाया और टीम ने थोड़ी देर के प्रयास के बाद मगरमच्छ को पकड़ लिया और उसे ले जाकर चंबल नदी में छोड़ दिया गया, जिसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### रसोई गैस सस्ते करने के नाम पर भ्रम फैल कर रही सरकार: राजपूत

**बैतूल, देशबन्धु।** प्रदेश की भाजपा सरकार सस्ती रसोई गैस के नाम पर प्रदेश की जनता के विश्वास के साथ धोखा कर रही है, जबकि शिवराज सरकार की अधूरी घोषणा के चलते प्रदेश की लाखों बहने इस योजना से वंचित हो रही है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष प्रशांत राजपूत ने उक्त आरोप लगाए है। उन्होंने कांग्रेस की जनहितैषी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि कांग्रेस की 500 में गैस सिलेंडर योजना से प्रदेश की प्रत्येक जनता को लाभ मिलेगा। ऐसे में शिवराज सरकार की योजना महज धोखाधड़ी साबित हो रही है।चुनावी वर्ष में झूठी घोषणाएं कर भाजपा वोट की राजनीति कर रही है। प्रदेश की वर्तमान सरकार जनता की भावनाओं के साथ खिड़वाड कर रही है। वादों पर वादा कर रही है किंतु किसी भी वादों में खरा सरकार नही उतर रही है। सरकार हर मुद्दे पर विफल है, प्रदेश सरकार की विफलता को जन- जन तक पहुंचाने ब्लॉक कांग्रेस लगातार प्रदेश के प्रत्येक बुथ में कार्य करेगी और जरूरत पड़ी तो पूरा संगठन प्रदेश सरकार के खिलाफ सड़क की लड़ाई लड़ेगा।

### किसान संघ ने मांगों को लेकर तहसीलदार को सौपा ज्ञापन



**मुलताई, देशबन्धु।** भारतीय किसान संघ की मुलताई तहसील इकाई द्वारा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम किसानों की ज्वलंत समस्याओं के समाधान के लिए तहसीलदार अनामिका सिंह को ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन में 50 सूत्री मांगे रखी गई, जिसमें मुख्य रूप से किसानों को गेहूं पर बोनस, प्रदेश में तिलहन मिशन लागू करने, किसानों को सम्मान निधि के स्थान पर प्रति हेक्टेयर 20000 फसल लागत उत्पादन अनुदान दिए जाने, कर्ज माफी, किसानी एवम कृषि विषय पर विधानसभा का विशेष सत्र बुलाए जाने, पारंपरिक बीजों का बैंक बनाए जाने, ट्रेक्टर को बैलगाड़ी का दर्जा दिए जाने, फसल बीमा की इकाई खेत किए जाने, सिंचाई हेतु पर्याप्त बिजली, खेत सड़क योजना सहित अन्य मांगे रखी गई।

### जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की वार्षिक साधारण सभा कल

**बैतूल,देशबन्धु।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक बैतूल की प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी नीता निगम ने बताया कि बैंक के समस्त अंशधारी सहकारी संस्थाओं की वार्षिक साधारण सभा 21 सितंबर 2023 को दोपहर 1 बजे सहकारी बैंक के प्रधान कार्यालय में आयोजित की गई है। उन्होंने बताया कि बैठक की सूचना अंशधारकों को 6 सितंबर को प्रेषित की गई है। जिन अंशधारकों को यह सूचना प्राप्त नहीं हुई हो वे इस सूचना पर बैठक में सम्मिलित हो सकते है।

# जयकारों के साथ 4 सौ से अधिक स्थानों पर विराजे गणपति



**सारनी, देशबन्धु।** नगर पालिका अंतर्गत शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में हर्ष उल्लास के बीच जय घोष के साथ भगवान गणेश की प्रतिमा की स्थापना सुबह से लेकर देर शाम तक होते रही है। इस वर्ष शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों को मिलाकर 400 से अधिक स्थानों पर छोटे-बड़े गणेश जी की प्रतिमा की स्थापना की गई है। इसके अलावा घरों में भगवान गणेश की प्रतिमा की स्थापना हर वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष ज्यादा की गई है। मंगलवार सुबह से ही श्रद्धालुओं के माध्यम से पंडितों को आमंत्रित करके भगवान गणेश की प्रतिमा की स्थापना की गई। सुबह से लेकर दोपहर तक और शाम 4 बजे के बाद देर रात तक भगवान गणेश की प्रतिमा की स्थापना श्रद्धालुओं के माध्यम से की जाती रही। वही शोभापुर कॉलोनी के गायत्री मंदिर कॉलोनी में सार्वजनिक गणेश प्रतिमा की स्थापना पिछले 15 वर्षों से लगातार होते आ रही है और इस वर्ष भी बड़े हर्ष उल्लास के साथ भगवान गणेश की प्रतिमा की स्थापना करने का कार्य किया गया है। सार्वजनिक गणेश पंडाल के पंढा दिलीप भालेराव ने बताया कि भगवान गणेश की प्रतिमा की स्थापना प्रयागराज से आए पंडित के माध्यम से विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करने के साथ प्रतिमा की स्थापना करने का कार्य किया है, उन्होंने बताया कि भगवान गणेश की प्रतिमा की स्थापना के साथ अनेकों सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी सार्वजनिक गणेश पंडाल में किया जाएगा।

### बावीसा ब्राह्मण समाज का 3 दिवसीय गणेशोत्सव शुरू



**हरदा, देशबन्धु।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बावीसा ब्राह्मण समाज द्वारा तीन दिवसीय गणेशोत्सव का आयोजन प्रताप कॉलोनी स्थित समाज के मांगलिक भवन में किया जा रहा है। समाज के अध्यक्ष नवीन पांडे ने बताया कि मंगलवार को चल समारोह निकालकर आतिशबाजी एवं गाजे बाजे के साथ जयकारे लगाते हुए प्रथमपूज्य, विघ्नहर्ता भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा की विधि विधान से स्थापना कर अथर्वशीर्ष का पाठ किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे। उन्होंने बताया आज बुधवार को महिला मंडल द्वारा शाम 4 बजे भजन होंगे। वहीं गुरुवार को युवा कार्यकारिणी द्वारा शाम 4 बजे हनुमान चालीसा का पाठ कर श्री गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा।उन्होंने सामाजिक बंधुओं से सभी आयोजनों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया।

# अवैध सागौन के साथ पकड़ाए 2 आरोपी, वन विभाग की टीम ने की कार्रवाई

### अलग-अलग जगह 4 बाइक से हो रही थी तस्करी, 2 आरोपी फरार

**बैतूल, देशबन्धु।** दक्षिण वन मंडल के आठनेर और मासोद क्षेत्र में वन अमले ने गश्ती के दौरान बाइक से अवैध रूप से सागौन की लकड़ी का परिवहन करते हुए दो आरोपियों को पकड़ा है। दक्षिण वन मंडल के मासोद परिक्षेत्र में जहां एक आरोपी बाइक से सागौन परिवहन करते पकड़ाया, वहीं आठनेर परिक्षेत्र में तीन बाइक सवार अवैध सागौन का परिवहन कर रहे थे, जिनमें से एक आरोपी पकड़ाया और दो आरोपी फरार हो गए। वनमंडल अधिकारी विजयानन्थम टीआर के मार्गदर्शन में परिक्षेत्र अधिकारी मुलताई नितिन पवार और परिक्षेत्र अधिकारी आठनेर अतुल भोयर द्वारा अधिनस्थ स्टाफ की संयुक्त टीम गठित कर बीती रात गश्ती की गई। गश्ती के दौरान मासोद वृत्त में अवैध परिवहन करते हुए एक मोटर साईकिल जिस पर 9 नग चरपटे रखी गई। वन अमले ने जब्त की है। यह लकड़ी 0.215 घन मीटर पाई गई है। जिसके साथ आरोपी मुकेश व रामप्रसाद गोहे, निवासी कुदारैयत को पकड़ा गया है। जब्त वनोपज का अनुमानित मूल्य 10530 रु आंका गया है। वहीं आठनेर वृत्त में भी गश्ती के दौरान सुबह लगभग 4:30 बजे अवैध परिवहन करते हुए ग्राम पुसली के पास तीन मोटर साईकिलो पर अवैध सागौन चरपट 21 नग बरामद की गई है। इसमें आरोपी प्रमोद व बाबुराव बरगाहे निवासी कदारैयत को पकड़ा गया। जब्त वनोपज का अनुमानित मूल्य 27274 रु आंका गया है। इस कार्रवाई में मुख्य रूप से परिक्षेत्र सहायक मासोद प्रमोद कलसूले, परिक्षेत्र सहायक आठनेर अविनाश शिंदे, कालापखान ब्रजलाल उईके, प्रभारी वनपाल संतोष धुर्वे, वनरक्षक अजय घोड़की, वनरक्षक रोहित उईके, वाहन चालक सुनिल विश्वकर्मा का विशेष योगदान रहा। मप्र वनोपज व्यापार विनियमन अधिनियम 1969 के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# कोल माइंस पेंशनरों ने तेलघाणी बोर्ड अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन



**सारनी, देशबन्धु।** कोल माइंस पेंशनर्स एसोसिएशन एचएमएस संगठन ने मंगलवार को बैतूल प्रवास पर पहुंचे। तेलघाणी बोर्ड मध्य प्रदेश अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त रविकिरण साहू को ज्ञापन सौंपकर सेवानिवृत्त कोल माइंस कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण करने की मांग की है। मध्यप्रदेश कोल माइंस सेवा निवृत कर्मचारी संघ एचएमएस जिला अध्यक्ष दिनकर साहू ने बताया कि कोयला खदान पेंशन योजना के पुनर्गठन के लिये लोक लेखा समिति की 12 रिपोर्ट में निहित सुझावों पर त्वरित कार्यान्वत (18 मार्च 2020 को संसद में प्रस्तुत है)। उन्होंने मांग की है कि प्रत्येक 3 वर्षो में पेंशन की समीक्षा और वृद्धि तथा महंगाई राहत को दिलाया जाए। कोयला पर उपकर को मौजूदा 15 प्रति टन कोयला से बढ़ाकर उच्च मूल्य निर्धारण करने की अल्पकालीन रणनीति के बजाये फंड के कुप्रबंध के कारण खोये हुये धन की भरपाई करने का निर्णय तत्काल किया जाए और वर्तमान उपकर को कोयला की कीमत से जोड़ा जाये, ताकि जब भी कोयला का विक्रय मूल्य बढ़ाया जाता है तो उस अनुपात में उपकर भी बढ़ सके। ज्ञापन देने वाले में अध्यक्ष दिनकर साहू, महामंत्री डीआर झरबडे, माणिकराव कापसे, मानक प्रसाद वाईकर, सरजेराव पाटिल, रामदास पंडाग्रे,नागोराव वागद्रे,अजय सिंह राजपूत,सुरेश साहू शामिल थे।

# 5वें दिन भी जारी रहा अनशन, पहली बार पहुंचे अधिकारी

### बाड़ेगाव के सैकडों ग्रामीणों ने पहुंचकर दिया समर्थन





**मुलताई देशबन्धु।** नगर में बीते 1 सितम्बर से मुलतापी जिला बनाओ आंदोलन जारी है। मुलताई जिला बनाओ संघर्ष समिति द्वारा अनिश्चितकालीन धरने एवं आमरण अनशन के बीच मंगलवार धरना स्थल पर रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया था। मुलतापी जिला बनाओ संघर्ष समिति के समर्थन में शिविर में 90 लोगों ने रक्तदान कर जिला बनाने की मांग का समर्थन किया। इस रक्तदान शिविर की शुरुआत लाडली बहनों ने रक्तदान कर सीएम शिवराज भैया से मुलताई को जिला बनाए जाने की मांग कर की।

ग्राम बाड़ेगांव के सैकडों ग्रामीणों ने मंच पर आकर जिला बनाओ संघर्ष समिति को अपना समर्थन दिया एवं मुलताई को जिला बनाने के लिए आंदोलन में पूर्ण सहयोग देने के लिए संकल्प लिया। उन्होंने कहा की मुलतापी यदि जिला बनता है तो उससे न सिर्फ नगर का विकास होगा बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों का भी विकास संभव हो पाएगा। साथ ही ग्रामीणों को बैतूल आने जाने में समय और धन बचेगा। बीते पांच दिनों से आमरन अनशन पर बैठे मोहन सिंह परिहार का स्वास्थ्य परीक्षण करने के लिए बीएमओ डॉ. अभिनव शुक्ला स्वयं अपनी स्वास्थ्य टीम के साथ धरना स्थल पर पहुंचे और स्वास्थ्य परीक्षण किया। वहीं नायब तहसीलदार भी पहली बार मंगलवार धरना स्थल पर आए। जिस पर समिति के कार्यकर्ताओं ने कहा कि बीते 19 दिनों से आंदोलन चल रहा है, 5 दिन बीत गए आमरण अनशन किया जा रहा है बावजूद इसके शासन प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा और हमारी मांग नहीं सुन रहा है, जिसको लेकर आम जनता में भारी रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा की आंदोलनकारियो के धैर्य की परीक्षा न ली जाए।

# ताप्ती तट पर ज्वारे विसर्जन के साथ हरतालिका तीज व्रत का समापन

### घर-घर विराजे श्रीगणेश





**मुलताई, देशबन्धु।** मंगलवार गणेश चतुर्थी पर महिलाओं ने हरतालिका तीज के व्रत उपवास का समापन किया। सोमवार रात भगवान शिव और गौरी का पूजन कर सुबह से ही बड़ी संख्या में महिला ताप्ती तट पहुंची। जहां पूजा पाठ कर ताप्ती जल में गेहूं का ज्वारा विसर्जित किया और इसके साथ ही अपने व्रत का समापन किया। महिलाओं ने बताया कि हरितालिका तीज पर महिलाएं शिव पार्वती का पूजन करती है और परिवार के सुख समृद्धि के साथ पति के दीर्घायु होने की कामना करती है। इसके बाद व्रत समाप्ति के साथ ही घर-घर गजानन गणेश की प्रतिमा स्थापित की जाती है। इस वर्ष कैलेंडर और पंचांग में तिथियां को लेकर अचमंजस बना रहा, जिसके चलते मंगलवार हरतालिका तीज का व्रत समाप्ति के साथ ही कुछ महिलाओं ने ऋषि पंचमी व्रत का भी समापन किया। जिसको लेकर बड़ी संख्या में महिलाएं दूर-दूर से ताप्ती तट पहुंची। सप्त ऋषियों का पूजन किया एवं पूजन पाठ कर क्षमा पर्व पर जीवन के दोष के लिए क्षमा याचना की इस संबंध में पंडित गणेश त्रिवेदी ने बताया कि कैलेंडर और पंचांग में तिथियों के अंतर के कारण कुछ महिलाओं ने 19 सितंबर को ही ऋषि पंचमी व्रत का भी समापन किया जबकि नीमच पंचांग, ब्रजभूमि पंचांग, एवं पुष्पांजलि पंचांग तीनों के अनुसार ऋषि पंचमी 20 सितंबर को ही मनाया जाना है।

# कांग्रेस ने किया की जन आक्रोश रैली का आयोजन



**हरदा, देशबन्धु।** कांग्रेस ने मंगलवार को जन आक्रोश रैली का आयोजन किया। इस दौरान नार्मदीय ब्राह्मण समाज धर्मशाला के सामने सभा का आयोजन किया। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी ने कहा कि भाजपा की सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार हुआ जिससे पूरी जनता परेशान है। भाजपा सरकार में केवल कोरी घोषणाएं ही हुई है विकास नहीं हुआ। स्थानीय विधायक एवं कृषि मंत्री ने क्षेत्र की जनता से केवल वादे किए हैं उन्हें पूरे नहीं किए। उन्होंने कमलनाथ ने जो ग्यारह वचन दिए है उन्हें पूरा करने की बात कही। इस दौरान कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों का विरोध करते हुए जमकर कोसा। इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन, आदिवासी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रामू टेकाम, पूर्व विधायक डॉ आर के दोगने, जिलाध्यक्ष ओम पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पंवार, पूर्व नपाध्यक्ष हेमंत टाले, अवनि बंसल, केदार सिरोही सहित कांग्रेस नेताओं ने संबोधित करते हुए भाजपा सरकार को जमकर कोसते हुए आक्रोश व्यक्त किया। इस दौरान गोविंद व्यास, उत्तम तेनगुरिया, अमर रोचलानी सहित अन्य कांग्रेस नेता एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। इसके बाद जन आक्रोश रैली नार्मदीय ब्राह्मण समाज धर्मशाला से घंटाघर, चांडक चौराहे, टांक चौक, अंबेडकर चौक, नारायण टॉकीज से होते हुए टिमरनी पहुंची।

# तेलगानी बोर्ड अध्यक्ष पहुंचे मुलताई, ताप्ती और शीतला माता के किए दर्शन



**मुलताई, देशबन्धु।** तेलगानी बोर्ड अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त रविकरण साहू मंगलवार मुलताई पहुंचे। वे छत्तीसगढ़ महाराष्ट्र के तैलिक साहू महासभा के राष्ट्रीय अधिवेशन में सम्मिलित होने के बाद मुलताई माँ ताप्ती के दर्शन करने नगर में रुके। सभी सामाजिक बंधुओ ने पुष्प वर्षा कर स्वागत अभिनंदन किया । मां ताप्ती के दर्शन के बाद साहू समाज बजरंग अखाड़े, शीतला माता मंदिर दर्शन के लिए पहुंचे। दर्शन करने के बाद समाज के युवाओं से चर्चा की और अनुसूया सेवा संगठन द्वारा उन्हें पौधा भेट किया गया। तेलगानी बोर्ड अध्यक्ष रवि करण ने युवाओं से कहा कि समाज के युवाओं का ज्यादा से ज्यादा जोड़ना है। सरकार की जनहित कार्य योजनाओं का लाभ दिलाने की कोशिश सभी स्व जाती बंधु को करना है। रवि करण ने कहा कि आने वाले समय में व्रद्द स्तर पर समाज का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी साहू समाज के युवाओं को दी जाएगी। इस दौरान गणेश साहू ने बताया कि मध्य प्रदेश में समाज के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर साहू समाज का प्रदेश सरकार द्वारा पहली बार तेलगानी बोर्ड बनाने पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार भी ज्ञापित किया गया। वही समाज के गगन साहू ने बताया कि तेलगानी बोर्ड के अध्यक्ष जब तक समाज के लोगों को 10त्न संख्या बल के आधार पर देश प्रदेश में विधायक सांसद व राजनीतिक पदों पर पूर्ति नहीं हो जाती तब तक वह नंगे पैर यात्रा कर रहे हैं। मा ताप्ती के दर्शन कर मुलताई होते हुये वे बैतूल के लिये रवाना हो गए। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष गणेश साहू युवा मोर्चा जिला मंत्री गगन साहू साहू समाज के जिला अध्यक्ष अखिलेश साहू राजेश साहू संजू पहलवान रामदास साहू कृष्णा साहू गोविंद साहू अरुण साहू आदि मौजूद रहे।

# नपा ने निकाली अमृत कलश यात्रा, अमृत वाटिका के लिए एकत्र की मिट्टी




**सारनी, देशबन्धु।** नगर पालिका ने मंगलवार को आजादी का अमृत महोत्सव में मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया। नगर पालिका कार्यालय से शुरू हुई यात्रा को नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे,उपाध्यक्ष जगदीश पवार,पार्षदगणों व मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी.के.मेश्राम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पहले दिन यात्रा वार्ड 1 एवं 3 में पहुंची,यहां लोगों के घरों से मिट्टी एवं एक मुट्ठी चावल एकत्रित किए गए। नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे ने बताया कि पूरे देश से 7500 से अधिक कलशों के माध्यम से मिट्टी देश की राजधानी दिल्ली पहुंचेगी। यहां राष्ट्रीय युद्ध स्मृति उद्यान के पास बनने वाली अमृत वाटिका में उक्त मिट्टी का उपयोग होगा। देश के विभिन्न हिस्सों से पौधे भी दिल्ली पहुंचाए जा रहे हैं। इन्हें अमृत वाटिका में रोपा जाएगा। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और वीर शहीदों की याद में अमृत वाटिका तैयार की जा रही है। कार्यक्रम में उपयंत्री रविंद्र वराठे. कमलेश पटेल,विनायक बागड़े,जीएस पांडे, महेश शर्मा,सुखदेव बोरहपी,लक्ष्मण पंडाग्रे, राजेश वागद्रे सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी व आम लोग उपस्थित थे।

### जिले में आज प्रवेश करेगी कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा

**सारनी, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव तिरुपति एरोलू, ग्रामीण क्षेत्र के कांग्रेस जिला अध्यक्ष हेमंत वागद्रे न बताया कि जन आक्रोश यात्रा हरदा होते हुए बैतूल जिले के पाठाखेड़ा और शाम 7 बजे के लगभग चिचोली में पहुंची। उन्होंने बताया कि जन आक्रोश यात्रा कल 11 हजार 400 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। पार्टी के सात नेता इस यात्रा का नेतृत्व करेंगे। इन नेताओं में राज्य के नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह 1600 किलोमीटर,पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव 1700,किलोमीटर पूर्व मंत्री कमलेश पटेल 1900 किलोमीटर,पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह 1400किलोमीटर,पूर्व केंद्र मंत्री सुरेश पचौरी 1400 किलोमीटर, कांतिलाल भूरिया 1700 किलोमीटर और पूर्व मंत्री जीतू पटवारी 1700 किलोमीटर का सफर इस जन आक्रोश यात्रा में तय करें। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव तिरुपति एरोलू एवं ग्रामीण कांग्रेस के जिला अध्यक्ष हेमंत वागद्रे ने कांग्रेस के कार्यकर्ता पदाधिकारी से अपील की है कि जन आक्रोश यात्रा जिस भी विधानसभा में प्रवेश कर रही है वहां पर कांग्रेस के कार्यकर्ता पदाधिकारी इस जन आक्रोश यात्रा का गर्मजोशी के साथ स्वागत करें

## सार समाचार

### ध्वजारोहण के साथ ही दशलक्षण पर्व के कार्यक्रमों की शुरुआत



**इटारसी देशबन्धु।** आज दशलक्षण महापर्वाधिराज 2023 के प्रथम दिवस पहली लाइन स्थित श्री चैत्यालय में प्रात: 8 बजे ध्वजारोहण के साथ ही दशलक्षण पर्व कार्यक्रमों की शुरुआत हुई।

प्रथम दिवस प्रात: 8 से 9 बजे तीन बत्तीसी का पाठ संपन्न हुआ। गंज बासोदा से आयी ब्रह्मचारी हर्षिता के 9 से 10:30 तक प्रवचन हुए। 10:30 से 12 बजे तक वृहद मंदिर का आयोजन व 12 से 12:45 तक भजन, आरती, चौहर नृत्य व प्रभावना का कार्यक्रम संपन्न हुआ। दशलक्षण पर्व के अवसर पर प्रतिदिन रात्रि 8:45 से 9:45 तक बह्मचारी हर्षिता के श्री चैत्यालय में प्रवचन होंगे।

### मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत निकली अमृत कलश यात्राएं

**नर्मदापुरम देशबन्धु।** नगर परिषद बनखेड़ी में रविवार को मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत अमृत कलश यात्रा निकाली गई। नगर के वार्ड 01 एवं 02 में घर-घर जाकर मिट्टी और चावल को वार्ड पार्षद, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, लाडली बहना सेना एवं वार्ड वासियों के सहयोग से कलश यात्रा निकाल कर अमृत कलश में एकत्रित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मिट्टी एंथम गीत चलाया गया तथा नागरिकों को पंच प्राण शपथ भी दिलाई गई।

### शशांक गोल्डी जनआक्रोश यात्रा के समन्वयक नियुक्त

**इटारसी देशबन्धु।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में निकाली जा रहीं जन आक्रोश यात्रा के लिए



युवा नेता शशांक गोल्डी बैस को समन्वयक विधानसभा युवा कांग्रेस नर्मदापुरम नियुक्त किया है। युवा कांग्रेस मध्यप्रदेश के अध्यक्ष विक्रांत भूरिया ने यह नियुक्ति की है। बता दें कि मध्यप्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस जनता के बीच जन आक्रोश यात्रा के माध्यम से जा रही है। प्रदेश के हर जिले में यह यात्राएं पहुंच रही हैं। इसी यात्रा के लिए शशांक बैस को विधानसभा नर्मदापुरम के लिए समन्वयक नियुक्त किया गया है।

### विधायक कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने किया दीवार लेखन




**इटारसी देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी मंडल पुरानी इटारसी द्वारा दीवार लेखन का कार्य आज विधायक कार्यालय पुरानी इटारसी में किया गया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी नर्मदापुरम जिला अध्यक्ष माधव दास अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, जिला उपाध्यक्ष सोनू दीक्षित, मंडल अध्यक्ष मयंक मेहतो, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष बाबू महाला, मंडल महामंत्री गोविंद मेहतो, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला मंत्री विनोद लोंगरे, मंडल मंत्री प्रशांत मनवारे, सौरभ राजपूत, युवा मोर्चा अध्यक्ष सौरभ चौधरी, रौनक मालवीय, सोहन बावरिया, अनिल राय, मनीष गालर, हर्ष आर्य एवं कार्यकर्ता साथी उपस्थित रहे।

# हड़ताल के दूसरे दिन कर्मचारियों ने मंडी के गेट पर की नारेबाजी



**इटारसी देशबन्धु।** करीब एक पखवाड़े से भी अधिक समय से मध्यप्रदेश की कृषि उपज मंडी में व्यापारियों की हड़ताल के बाद अब संयुक्त मोर्चा के बैनर तले यहां के अधिकारी-कर्मचारियों ने भी कलमबंद हड़ताल प्रारंभ कर दी है। अधिकारी-कर्मचारियों की हड़ताल के दूसरे दिन आज कृषि उपज मंडी के अधिकारी-कर्मचारियों ने मंडी के गेट पर आकर अपनी मांगों के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। मंडी कर्मचारियों का कहना है कि जब तक सरकार मांगें नहीं मान लेती, यह हड़ताल जारी रहेगी। ये कर्मचारी सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं, और मंडियों में कामकाज पूरी तरह से ठप पड़ा है।

# आज आएगी जन आशीर्वाद यात्रा



**इटारसी देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी की जन आशीर्वाद यात्रा कल इटारसी में प्रवेश करेगी। यहां आरएमएस तिराहे पर आम सभा का आयोजन शाम 6.30 बजे से होगा। जन आशीर्वाद यात्रा में मप्र सरकार के चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग, भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बंशीलाल गुर्जर सहित, संगठन के अध्यक्ष वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल होंगे।

नर्मदापुरम विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने बताया कि इटारसी में जन आशीर्वाद यात्रा को लेकर सारी तैयारी हो गई है। यात्रा ऐतिहासिक होगी। उन्होंने कहा कि यात्रा पथरोटा नहर से इटारसी में प्रवेश करेगी। यहां पर युवा मोर्चा वाहन रैली से यात्रा को लेने जाएगा और वहां से स्वागत करते हुए यात्रा को इटारसी में लाया जाएगा। यहां पर विभिन्न स्थानों पर यात्रा का स्वागत किया जाएगा। डॉ शर्मा ने कहा कि आरएमएस तिराहे पर विशाल आमसभा का आयोजन होगा। शाम 6.30 बजे से आयोजित होने वाली आम सभा में मुख्य वक्ता मंत्री विश्वास सारंग, किसान मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बंशीलाल गुर्जर रहेंगे।

> ◆ चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग, किसाना मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बंशीलाल गुर्जर आएंगे

### वॉटर प्रूफ शेड बनाया गया

सभा स्थल आरएमएस तिराहे पर मंच के साथ ही आम नागरिकों के बैठने के लिए वॉटर प्रूफ शेड बनाया जा रहा है। बारिश के समय को देखते हुए यह व्यवस्था की जा रही है ताकि बारिश सभा में किसी तरह का व्यवधान न डाल सके। सुबह विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने कार्यकर्ताओं के साथ सभा स्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# वृक्ष काटने के आरोपियों को किया गया गिरफ्तार



**नर्मदापुरम देशबनधु।** उप वन मंडलाधिकारी सामान्य नर्मदापुरम मानसिंह मरावी एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी सुखतवा सामान्य नीरज शर्मा के निर्देशन में परिक्षेत्र सहायक जालीखेडा परिसर रक्षक गोमती एवं अन्य स्टाफ द्वारा परिसर गोमती के कक्ष क्रमांक आर एफ 47 में एनएच 46 के समीप हरे भरे 02 सागौन के वृक्ष काटने के आरोपी सुनील मवासे निवासी जालीखेडा और हरपाल सिंह निवासी धासई ब्लॉक केसला को गेराबंधी कर पकड़ा गया। साथ ही 02 ठूंठ एवं मौके पर पड़ी काष्ठ 08 नग 0.348 घमी जिसकी कुल कीमत लगभग 50 हजार रुपए है एवं एक कुल्हाडी जप्त की गई। जिसका वन अपराध प्रकरण जारी कर माननीय न्यायलय के समक्ष दोनों आरोपी को प्रस्तुत किया गया है।

# राइडर्स इन द वाइल्ड का द्वितीय संस्करण आज से 27 तक

**नर्मदापुरम देशबन्धु।** मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा प्रमुख सचिव पर्यटन एवं प्रबंध संचालक म.प्र. पर्यटन बोर्ड शिवशेखर शुक्ला के मार्गदर्शन एवं अपर प्रबंध संचालक मप्र पर्यटन बोर्ड विवेक श्रोत्रिय के नेतृत्व में प्रदेश में साहसिक, जल पर्यटन गतिविधियों के विकास के लिए निरंतर प्रयास कर नये साहसिक पर्यटन उत्पाद निर्मित किये जा रहे हैं।

साहसिक पर्यटन प्रमियों को देश के हृदय प्रदेश में आकर्षित करने हेतु लैण्ड बेस्ड गतिविधियाँ जैसे नेचर वॉक, ट्रेकिंग, साइक्लिंग, मोटर स्पोर्टस्, बाइकिंग इत्यादि गतिविधियाँ उपयुक्त संस्थाओं के माध्यम से आयोजित की जा रही है। प्रदेश के बड़े जलक्षेत्रों गांधी सागर, इंदिरा सागर, बरगी, बेतवा नदी, नर्मदा नदी इत्यादि के जल पर्यटन गतिविधियों भी संचालित की जा रही हैं। इसी प्रकार एयर बेस्ड गतिविधियों जैसे पैर मोटरिंग, पैराग्लाइडिंग, हॉट एयर बैलूनिंग इत्यादि गतिविधियों भी संचालित की जा रही हैं। स्काई डाइविंग जैसी गतिविधियों भी प्रदेश के भोपाल एवं उज्जैन में विगत दो वर्षों से संचालित करायी जा रही हैं। मप्र पर्यटन बोर्ड द्वारा बाइकिंग गतिविधि के विकास हेतु जयपुर बेस्ड एडवेंचर एजेन्सी से अनुबंध किया गया है, जिसके द्वारा वर्ष 2022 में बाइकिंग गतिविधि राइडर्स इन द वाइल्ड का 7 दिवसीय आयोजन किया गया था, जिसे खजुराहो से प्रारम्भ कर पन्ना बांधवगढ़, अमरकंटक होते हुए भोपाल में समाप्त किया गया था। इस वर्ष राइडर्स इन द वाइल्ड के द्वितीय संस्करण का आयोजन 20 सितम्बर से 27 सितम्बर 2023 के मध्य किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ 20 सितम्बर को प्रात: 8 बजे सैर-सपाटा भोपाल से किया जा रहा है। जिसमें 25 सुपर बाइकर्स द्वारा भोपाल से पचमढ़ी, सतधारा, तामिया पातालकोट, पेंच नेशनल पार्क, कान्हा नेशनल पार्क, बांधवगढ़ नेशनल पार्क, भेड़ाघाट, भीम बैठका का भ्रमण करते हुए वापिस भोपाल तक लगभग 1400 किमी. का भ्रमण किया जावेगा। यह सुपर बाइकर्स पूना, चंडीगढ़, बडोदरा, अहमदाबाद, नागपुर, मुम्बई, इन्दौर, देवास, एटा इत्यादि शहरों से है एवं इनके द्वारा देश के विभिन्न क्षेत्रों में बाइक से भ्रमण किये जाने का अनुभव है। इनके द्वारा बीएमडब्ल्यू, डुकाटी, हायाबुसा, हार्ले डेविडसन इत्यादि सुपर बाइक से निर्धारित स्थलों का भ्रमण किया जावेगा। सुपर बाइकर्स द्वारा प्रदेश के विभिन्न पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया कर मानसून के समय मध्य प्रदेश की प्राकृतिक सुंदरता का अनुभव किया जायेगा एवं कैम्पिंग, ट्रेकिंग, नेचर वॉक, स्टार गेजिंग, जंगल सफारी, ट्रायवल डांस, मार्बल रॉक, धुंआधार विजिट इत्यादि का अनुभव लिया जायेगा। इस भ्रमण का समापन अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन दिवस के अवसर पर दिनांक 27 सितम्बर 2023 को भोपाल में किया जायेगा। इस गतिविधि के द्वारा मध्य प्रदेश को रोमांचक पर्यटन में बाइकिंग गतिविधि के डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करने में सहायता मिलेगी।

## घर-घर विराजे गणेश, मूर्तिकारों ने बनाई भव्य प्रतिमाएं

**सोहागपुर देशबन्धु।** गणेश चतुर्थी पर घर-घर गणेश विराजित हो गए दूसरी ओर मोहल्ला समितियां ने भी अपनी-अपनी प्रतिमाएं पंडाल में स्थापित कर दी दिनभर मूर्तिकारों के घर भक्तों की भीड़ लगी रही अपनी अपनी प्रतिमाओं को लेने पहुंचे ऐसी ही एक



शानदार भाव प्रतिमा मुन्नू मूर्तिकार के द्वारा बनाई गई जो पिपरिया के हटवास में विराजित होगी जिसे लेने युवाओं की एक टोली पहुंची इस वर्ष युवाओं में खासा उत्साह देखा गया है पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष प्रतिमाएं थोड़ी महंगी हैं।

# आदिवासी महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष बनीं निकिता



**इटारसी देशबन्धु।** आदिवासी कांग्रेस महिला प्रकोष्ठ में इटारसी की युवा कांग्रेस नेत्री निकिता इरपाचे को जिला नर्मदापुरम का अध्यक्ष नियुक्त किया है।

उनकी नियुक्ति आदिवासी महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष चंद्रा सर्वटे ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी की अनुशंसा तथा आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रामू टेकाम के अनुमोदन पर की है। उनकी इस नियुक्ति पर शहर के कांग्रेसियों ने उनके घर जाकर उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कीं जिसमें प्रमुख रूप से वरिष्ठ नेता संजय गोठी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष पंकज राठौर आदि उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से 38 हितग्राहियों को 19 लाख 90 हजार स्वीकृत

**नर्मदापुरम देशबन्धु।** मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से उपचार के लिए जिले के 38 हितग्राहियों को कुल 19 लाख 90 हजार रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम शैल की क्षमा गौर को 1 लाख 50 हजार रूपए, पाचवा?ा के सिद्धांत, चौराहेट के कमोद सिंह चौहान, नर्मदापुरम के हितेश बडानी, चांदोन की लता, इटारसी के सुबोध स्वामी, चौराहेट के कमोद सिंह चौहान को 1-1 लाख रूपए, नीमनपुरा की शोभा मालवीय, रूपादेह की मालती रघुवंशी, इटारसी के शिव पटेल को 80-80 हजार रूपए, बाबडियाभाऊ की पुष्पा लोवंशी, पचम?ी के प्रमोद कुमार पाल, खामदा के श्रीलाल पंद्राम को 70-70 हजार रूपए, सांगाखे?ा की कंचन कवेट को 65 हजार रूपए, नर्मदापुरम की शांति मांझी को 50 हजार रूपए, चिचलखे?ा के नर्मदा प्रसाद मीना, बाबई के हरीश व्यास, बीजनवा?ा की सुनीता राठोर को 45-45 हजार रूपए, सोहागपुर की शीला दीवान, सिवनीमालवा के शहजादा सलीम, धुरगाडा के धीरज लाल को 40-40 हजार रूपए, सोहागपुर की कनीज बी, परसवा?ा के गोपीलाल पटेल को 35-35 हजार रूपए, नर्मदापुरम के ओमप्रकाश परमार, निशा शर्मा, चौराहेट की सविता गुर्जर, रानीपिपरिया के मोदकसिंह, पिपरिया की गायत्री कीर को 30-30 हजार रूपए, हतवास की आरती राय, तमचरू की कृष्णकुमारी चौहान, सोहागपुर के राकेश रामचंदानी, धुरगा?ा की ममता यादव, हसलपुर की सुशीला, नर्मदापुरम के आनंद माधव, लालता प्रसाद मिश्रा को 25-25 हजार रूपए, सेमरीहरचंद के संतोष सिंह पटेल को 20-20 हजार रूपए, सिलारी के घनश्याम सिंह वर्मा को 15 हजार रूपए एवं नर्मदापुरम की करूण सारस्वत को 10 हजार रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

### एएसआई को स्थानांतरण पर दी भावभीनी विदाई



**इटारसी देशबन्धु।** पथरोटा थाने में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक गामलिया तिर्की के स्थानांतरण पर स्टाफ ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। उनको रक्षित केन्द्र भेजा गया है इस अवसर पर थाना प्रभारी संजीव पवार ने शॉल श्रीफल देकर पुष्पहारों से स्वागत किया। इस अवसर सहायक उपनिरीक्षक कोमल प्रसाद खेड़ल, दुर्गेश मालवीय, टीटू मस्कोले, संगीता, दुर्गा, गोपाल, अनिल सहित सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जन आशीर्वाद यात्रा में बोले भाजपा पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रभात झा

# कमलनाथ और दिग्विजय क्या समझेंगे गरीबों का दर्द




**छतरपुर, देशबन्धु।** भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रभात झा ने कहा है कि मध्य प्रदेश की शिवराज सरकार ने गरीबों के लिए जन्म से लेकर पढ़ाई, स्वास्थ्य, विवाह, रोजगार और मृत्यु तक 380 योजनाएं शुरू की। जबकि बीच में आई कांग्रेस की कमलनाथ सरकार ने अंतिम संस्कार के लिए दी जाने वाली 5 हजार की राशि तक बंद कर दी और संबल योजना सहित कई योजनाएं बंद कर दी। श्री झा ने कहा कि फर्क इतना है कि शिवराज गांव के किसान के बेटे हैं वहीं कमलनाथ तो मुंह में चांदी की चम्मच लेकर पैदा हुए और दिग्विजय सिंह तो राजा हैं। वे गरीबों का दर्द क्या समझेंगे। वे मंगलवार की शाम जन आशीर्वाद यात्रा छतरपुर पहुंचने पर बस स्टैंड में आयोजित सभा में बोल रहे थे। इस अवसर पर यात्रा के संभाग प्रभारी केके श्रीवास्तव, भाजपा की छतरपुर विधानसभा प्रत्याशी श्रीमती ललिता यादव, पार्टी के प्रदेश मंत्री प्रभु दयाल कुशवाहा, पूर्व विधायक जुझार सिंह, गुड्डन पाठक, पूर्व जिलाध्यक्ष जय नारायण अग्रवाल, महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष नंदिता पाठक, महामंत्री अरविंद पटेरिया, सुरेंद्र चौरसिया, उपाध्यक्ष अशोक दुबे, मोनू यादव, दिलीप अहिरवार, अभिषेक परिहार, नपाध्यक्ष ज्योति चौरसिया, वरिष्ठ नेता नारायण काले, जयराम चतुर्वेदी, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष बॉबी राजा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष उर्मिला साहू, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नीरज चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्त्ता और आमजन मौजूद थे।

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रभात झा ने कहा कि आज के ज़माने में सगे भाई तक उधार नहीं देते लेकिन किसान के बेटे शिवराज ने किसानों को बिना ब्याज के कर्ज, बहनों को 450 में गैस सिलेंडर, लाड़ली लक्ष्मियों और लाड़ली बहनों के हितों की चिंता कर उन्हें सशक्त बनाया। भाई का भाई से रिश्ता नहीं होता लेकिन शिवराज ने घर-घर में रिश्ते बनाए। शिवराज ने श्रवण कुमार बन कर बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा कराई। जबकि बीच में आई कांग्रेस की कमलनाथ सरकार ने अंतिम संस्कार के लिए दी जाने वाली 5 हजार की राशि तक बंद कर दी, संबल योजना बंद कर दी। कांग्रेस ने 2018 में अपने वचन पत्र में किसानों से 2 लाख की कर्ज माफी, 4 हजार बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था जो झूठा निकला।

चित्र नहीं चिन्ह देखिए - श्री झा ने प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा के दो तिहाई बहुमत से जीतने का दावा करते हुए कहा कि चित्र नहीं कमल का चिन्ह देखिए। अभी बहुत काम करना है इसलिए ललिता बहन का जीतना जरूरी है। इसीलिए यह यात्रा आपसे आशीर्वाद मांगने आई है। आपको सेवक चाहिए तो ललिता यादव को चुनिए। समाज सेवा के लिए सरकार - भाजपा नेता श्री झा ने कहा कि राजनीति में हम सरकार इसलिए नहीं बनाते कि हमें कोई मजा करना है। सरकार बनाने के बाद समाज की सेवा का अवसर मिलता है। आपके कमल के बटन दबाने से मोदी आज यदि पीएम नहीं होते तो धारा 370 और 35 ए नहीं हटती। मोदी सरकार ने तीन तलाक कानून समाप्त किया।

भाजपा ने 1986 में शिमला घोषणा पत्र में लिखा था मंदिर वहीं बनाएंगे। तब कहीं अयोध्या में रामलला के मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो सका। जी-20 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व का सिरमौर बनकर उभरे हैं। श्री झा ने महिला आरक्षण बिल की चर्चा करते हुए कहा कि अब लोकसभा में 181 सीटों पर 33 प्रतिशत बहने चुनाव लड़ेंगी। पीएम मोदी ने भ्रष्टाचार का कचरा साफ करने का नया अभियान शुरू किया है।

